## खबर संक्षेप

### सुशासन सप्ताह अंतर्गत विविध कार्यक्रमों का आयोजन

दमुआ। शासकीय महाविद्यालय दमुआ में भारत सरकार के निर्देशानुसार सुशासन सप्ताह के अंतर्गत जन-जागरूकता एवं प्रशासनिक मूल्यों को सुदृढ़ करने हेतु विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। यह आयोजन स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में श्रीमती रश्मि दास, प्राचार्य के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ।कार्यक्रम में प्रकोष्ठ प्रभारी राजकुमार कुशवाहा के नेतृत्व में गतिविधियाँ संचालित की गईं। कार्यक्रम की सह-समन्वयक एवं मुख्य वक्ता सुषमा टांडेकर रहीं, जिन्होंने सुशासन की अवधारणा, पारदर्शिता, जवाबदेही, समयबद्ध सेवाएँ, डिजिटल गवर्नेंस तथा नागरिक कर्तव्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला।सुशासन सप्ताह के अंतर्गत व्याख्यान एवं पोस्टर निर्माण गतिविधियाँ आयोजित की गईं, जिनमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम का मंच संचालन घनश्याम मालवीय द्वारा कुशलतापूर्वक किया गया।अपने उद्बोधन में प्राचार्य श्रीमती रश्मि दास ने कहा कि सुशासन केवल प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि नैतिकता, पारदर्शिता और नागरिक सहभागिता का समन्वय है। कार्यक्रम में महाविद्यालय परिवार एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### सांसद कार्यालय से मिलेंगे सांसद खेल महोत्सव के बचे हुए पुरस्कार

छिंदवाड़ा। सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत छिंदवाड़ा एवं पांढुर्णा जिले में विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए कई खिताब अपने नाम किए। पोला ग्राउण्ड छिंदवाड़ा में आयोजित सम्मान समारोह के साथ खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग की मौजूदगी में विजेता खिलाड़ियों और टीमों को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान बंटी विवेक साहू ने सैकड़ों खिलाड़ियों व टीमों को देर रात तक पुरस्कारों का वितरण किया। सांसद खेल महोत्सव की आयोजन समिति के प्रभारी एवं भाजपा खेल प्रकोष्ठ के जिला सयोजक अंकित सोलंकी ने बताया कि छिंदवाड़ा एवं पांढुर्णा जिले के जिन खिलाड़ियों ने जिला मुख्यालय छिन्दवाड़ा में आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लिया है।

## यूनिक पब्लिक स्कूल के संचालक की शिकायत पर दस हजार रूपए लेते धराए
# रिश्वत लेते दबोचे गए बीएसी सत्येंद्र जैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



छिंदवाड़ा में इन दिनों भ्रष्टाचार अपनी चरम सीमा पर है। लगभग हर माह ही कोई न कोई अधिकारी लोकायुक्त की चपेट में आकर रिश्वत से अपने हाथ लाल कर रहा है। शिक्षा विभाग अमरवाड़ा के बीएसी सत्येंद्र जैन मंगलवार को दस हजार रूपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों दबोचे गए। शिकायतकर्ता ने लोकायुक्त में बताया कि उनके स्कूल से जुड़ी एक सीएम हेल्पलाइन शिकायत को नस्तीबद्ध (बंद) कराने के बदले बीएसी सत्येंद्र जैन द्वारा पैसों की मांग की जा रही थी। प्राथमिक जांच में शिकायत सही पाए जाने पर लोकायुक्त टीम ने ट्रैप की योजना बनाई।

मामले की शुरुआत यूनिक पब्लिक स्कूल के संचालक की शिकायत से हुई। शिकायतकर्ता ने लोकायुक्त में बताया कि उनके स्कूल से जुड़ी एक सीएम हेल्पलाइन शिकायत को नस्तीबद्ध (बंद) कराने के बदले बीएसी सत्येंद्र जैन द्वारा पैसों की मांग की जा रही थी। प्राथमिक जांच में शिकायत सही पाए जाने पर लोकायुक्त टीम ने ट्रैप की योजना बनाई।

### रंगे नोट दिए, फिर हाथ धुलवाए

मंगलवार शाम छिंदवाड़ा के चक्कर रोड स्थित आईसीएच (ICH) के पास जैसे ही आरोपी ने शिकायतकर्ता से 10 हजार रुपए लिए, पहले से मौजूद लोकायुक्त टीम ने उसे मौके पर ही पकड़ लिया। आरोपी के हाथ धुलवाए गए तो वे गुलाबी हो गए, जिससे रिश्वत लेने की पुष्टि हो गई। लोकायुक्त पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है। आगे की पूछताछ जारी है। इस कार्रवाई के बाद जिले के शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया है और अधिकारी-कर्मचारियों में खलबली देखी जा रही है।

## जिला अस्पताल रेफर हुए थे बच्चे
# चार नवजात शिशुओं की मौत, सातवें महीने में हुई थी डिलवरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

जिले के जुन्नारदेव में कुदरत का करिश्मा त्रासदी में बदल गया। सोमवार को एक महिला ने एक साथ चार बच्चों को जन्म दिया, लेकिन दुर्भाग्यवश चारों नवजातों की मौत हो गई। दो बच्चों ने जिला अस्पताल पहुंचने से पहले ही रेफर के दौरान रास्ते में दम तोड़ दिया, जबकि शेष दो बच्चों ने छिंदवाड़ा जिला अस्पताल के एसएनसीयू (स्पेशल न्यूबॉर्न केयर यूनिट) में अंतिम सांस ली। गनीमत रही कि प्रसूता की जान बच गई। उसकी हालत स्थिर है।

### अत्यधिक कम वजन बना मौत की वजह

एसएनसीयू के नोडल अधिकारी डॉ. अंशुल लाम्बा ने बताया कि अस्पताल में भर्ती कराए गए दो नवजातों में एक बालिका का वजन 600 ग्राम और एक बालक का वजन महज 350 ग्राम था। अत्यधिक कम वजन होने के कारण दोनों बच्चों के फेफड़े और अन्य अंग पूरी तरह विकसित नहीं हो पाए थे। सांस लेने में परेशानी के चलते पहले बालिका ने देर रात दम तोड़ा, जबकि बालक ने मंगलवार तड़के करीब 3:30 से 4 बजे के बीच

### सातवें महीने में करानी पड़ी डिलीवरी

जुन्नारदेव के ग्राम रोराढ़ेकनी माल निवासी गुन्नो (पति जगर सिंह) को प्रसव पीड़ा होने पर सोमवार को जुन्नारदेव अस्पताल लाया गया था। गर्भावस्था के सातवें महीने में महिला की हालत गंभीर होने के चलते डॉक्टरों ने तत्काल डिलीवरी कराने का निर्णय लिया। बीएमओ डॉ. सुरेश नागवंशी और डॉ. रोमा मूलचंदानी की टीम ने सुरक्षित नॉर्मल डिलीवरी कराई। बच्चों की नाजुक स्थिति को देखते हुए उन्हें 108 एंबुलेंस से छिंदवाड़ा रेफर किया गया, लेकिन जिला अस्पताल पहुंचने से पहले ही दो नवजातों की मौत हो गई।

### पूरी मेडिकल टीम जुटी रही

नवजातों को बचाने के लिए सिविल सर्जन डॉ. सुशील दुबे, चाइल्ड स्पेशलिस्ट डॉ. पवन नादुरकर, आरएमओ डॉ. हर्षवर्धन कुढ़ापे सहित डॉक्टरों और नर्सिंग स्टॉफ की पूरी टीम लगातार प्रयासरत रही, लेकिन बच्चों का वजन जीवित रहने के लिए जरूरी न्यूनतम मानक से काफी कम होने के कारण मेडिकल साइंस की कोशिशें नाकाम रहीं।

# वृत्त अमरवाड़ा में अवैध मदिरा के विरुद्ध आबकारी विभाग की प्रभावी कार्यवाही



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

कलेक्टर हरेंद्र नारायन के निर्देशन एवं सहायक आबकारी आयुक्त श्री बी.आर. वैद्य के मार्गदर्शन में आज वृत्त अमरवाड़ा में आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा के विरुद्ध सघन कार्यवाही की गई। इस दौरान आबकारी दल द्वारा ग्राम हरणभटा, सेजा, लखनवाड़ा, बारहढाना एवं बाराहीरा में अवैध मदिरा विक्रेताओं तथा मदिरा निर्माण के अड्डों पर दबिश दी गई।

कार्यवाही के अंतर्गत ग्राम हरणभटा में सियाराम, ग्राम लखनवाड़ा में अनीता, रीना कहार एवं सुनीता कहार के मकानों की तलाशी लेने पर क्रमशः 08 लीटर, 05 लीटर, 04 लीटर एवं 06 लीटर, कुल 23 लीटर हाथभट्टी मदिरा जब्त की गई। आरोपियों के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1)क एवं च के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। इसी क्रम में ग्राम बारहढाना एवं बाराहीरा क्षेत्र में नदी किनारे से लगभग 400 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद कर अज्ञात के विरुद्ध प्रकरण कायम किया गया। इस कार्यवाही वृत्त प्रभारी श्रीमती वैशाली भगत के नेतृत्व में की गई, जिसमें उप निरीक्षक श्रीमती पूर्णिमा वरकड़े, आबकारी आरक्षक एवं अमरवाड़ा थाना स्टाफ की सक्रिय सहभागिता रही।

## बटकाखापा में कल छिंदवाड़ा और नागपुर के डॉक्टर विशाल शिविर में करेंगे मरीजों का ईलाज

छिंदवाड़ा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन 17 सिंतबर से प्रारंभ होकर पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस 25 दिसंबर तक आयोजित हो रहे 100 दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का समापन बटकाखापा में 25 दिसंबर को विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर के साथ किया जायेगा। इस दौरान बटकाखापा में आयोजित विशाल जिला स्तरीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में मेडिकल कॉलेज छिंदवाड़ा के डाक्टरों की टीम के साथ ही छिंदवाड़ा एवं नागपुर में संचालित प्रायवेट हास्पिटलों के विशेशज्ञ डाक्टर्स भी अपनी सेवाएं देंगे। उल्लेखनीय है कि विगत दो वर्शो से सांसद बंटी विवेक साहू के मार्गदर्शन में छिंदवाड़ा एवं पांढुर्णा जिले में 100 दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें प्रतिवर्श हजारों मरीजों को स्वास्थ्य लाभ मिल रहा है। छिंदवाड़ा जिले के दूर-दराज और दूरस्थ गांवों में आयोजित हो रहे इस निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों में बड़ी संख्या में मरीज पहुंच रहे है। सांसद बंटी विवेक साहू की मंशा है कि इस वर्श आदिवासी अचंल के ग्रामीणों को जिला स्तरीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का लाभ दिया जाए। इसी उद्देश्य को लेकर इस वर्श जिला स्तरीय विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन और 100 दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का समापन बटकाखापा में आयोजित किया गया। सांसद श्री साहू ने हर्रई,अमरवाड़ा सहित जिले के निवासियों से अपील की है कि वे इस विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में पहुंचकर इसका लाभ प्राप्त करें।

## प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से पीड़ित को मिली 50 हजार की आर्थिक सहायता

छिंदवाड़ा। सांसद बंटी विवेक साहू की पहल पर पांढुर्णा के ग्राम पेन्ढोनी निवासी दीपक कोरडे का नागपुर में ईलाज हो सकेगा। सांसद के प्रयास से गंभीर बीमारी से जूझ रहे पीड़ति व्यक्ति को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 50 हजार की आर्थिक सहायता प्राप्त हुई है। उल्लेखनीय है कि विगत दिनों पांढुर्णा के ग्राम पेन्ढोनी निवासी सोहन देशमुख ने सांसद श्री साहू से मुलाकात करते हुए उनके परिचित के गंभीर रूप से बीमार होने की जानकारी दी और अपनी आर्थिक स्थिति का हवाला देते हुए ईलाज के लिए आर्थिक सहायता की मांग की थी।

# जिले का किसान पूरी तरह से त्रस्तः किसान कांग्रेस

छिन्दवाड़ा। किसान दिवस पर जिला किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष पुष्पेन्द्र सिंह ने वक्तव्य जारी कर बताया कि किसान लगातार परेशान है किसानों को उनकी फसल मक्का ,गन्ना ,संतरा और कपास का समर्थन मूल्य प्राप्त नहीं हो रहा है किसानों को सिंचाई के लिये दिन में पर्याप्त बिजली नहीं मिल रही है जलाशयों से किसानों को सिंचाई के लिये नहरों से पानी भी सही ढंग से उपलब्ध नहीं करवाया जा रहा है। किसानों को फसल बीमा कंपनियाँ फसल नुकसानी की क्षति का भुगतान भी नहीं कर रही है। कृषि उपज मंडियों में किसानों को लगातार परेशान किया जा रहा है। किसानों की ज्वलंत समस्याओं को देखते हुये पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के निर्देशन ,पूर्व सांसद नकुलनाथ के नेतृत्व में जिला कांग्रेस और किसान कांग्रेस और ब्लॉक स्तर और क्षेत्रीय स्तर पर लगातार आंदोलन किये जा रहे है अभी तक किसान हित में छिन्दवाड़ा ,चैरई ,अमरवाड़ा ,धनोरा ,हर्रई ,सिंगोड़ी ,छिन्दी ,सांवरी ,बिछुआ ,सहित अन्य क्षेत्रों में आंदोलन आयोजित किये जा चुके है। जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष ने यह भी कहा कि किसान पूरी तरह से त्रस्त हो चुका है इसलिये किसान हित में सम्पूर्ण जिले में और अधिक आंदोलन तेज किये जायेगे ताकि किसानों को न्याय प्राप्त हो सके।

## इनरव्हील क्लब ने लगाया 7 दिवसीय आत्म रक्षा शिविर

छिंदवाड़ा। इनरव्हील क्लब छिंदवाड़ा द्वारा बेटियों को सशक्त बनाने के मुख्य उद्देश्य को लेकर महारानी लक्ष्मी बाई स्कूल में 7 दिवसीय आत्म रक्षा शिविर का आयोजन किया गया जिसमे 80 बेटियों ने हिस्सा लेकर आत्म रक्षा की कला सिखी।जिन्हें विशेष



समारोह में सम्मानित किया गया, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला जेल अधीक्षक प्रतीक जैन, विशिष्ट अतिथि स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर दीपक राज जैन, प्राचार्य अलका श्रीवास्तव, वार्डन परवीन मंसूरी उपस्थित रही, जिनका क्लब अध्यक्ष श्वेता पाटनी घई सहित टीम इनरव्हील ने अभिनदंन किया।7 दिवसीय आत्म रक्षा शिविर में इंटरनेशनल कराटे खिलाड़ी एवं प्रशिक्षक रविन्द्र कुमार जयसवाल फोर्थ डिग्री ब्लैक बेल्ट, कविता थापा थर्ड डिग्री, प्रज्ञा सोनी फस्ट डिग्री ने अपनी कुशल सेवाएं दी जो पूर्णतः निःशुल्क थी।जिनके साथ सभी छात्राओं का इनरव्हील क्लब ने मेडल, प्रशस्ति पत्र एवं उपहार भेंट कर अभिनंदन किया।कार्यक्रम का मंच संचालन सूफी अब्दुल तहसीन ने एवं आभार वार्डन परवीन मंसूरी ने किया।सुंदर आयोजन की सभी अतिथियों ने सराहना कर इनरव्हील क्लब के प्रयासों को बधाई दीं।इस अवसर पर टीम इनरव्हील क्लब की सचिव रोहणी मेनन के साथ राखी गुप्ता, हिना पाटनी, अनामिका पांडे, प्राची चड्ढा, माही खंडेलवाल, सौम्या गुप्ता, रमन बेदी सहित सभी सदस्य उपस्थित रहीं।

## अव्यवस्थित वाहनों पर की गई 29 हजार 650 रुपये चालानी कार्यवाही



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

परिवहन आयुक्त ग्वालियर एवं कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन द्वारा दिये गये निर्देशो के परिपालन में जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय छिंदवाड़ा द्वारा प्राप्त शिकायत के आधार पर आज परिवहन विभाग छिंदवाड़ा के विशेष जांच दल द्वारा हर्रई बायपास स्थित तिराहे पर सघन जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान मौके पर अव्यवस्थित रूप से खड़े तीन वाहनों को चिन्हित किया गया, जिन पर विभाग द्वारा नियमानुसार चालानी कार्यवाही की गई।

अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी छिन्दवाड़ा श्री अनुराग शुक्ला ने बताया कि अभियान के अंतर्गत अन्य कार्यवाही में दो वाहनों पर भी चालानी कार्यवाही करते हुए कुल 29,650 रुपये (उन्तीस हजार छह सौ पचास रुपये) का राजस्व प्राप्त किया गया। जांच के दौरान वाहन संचालकों एवं चालकों को यातायात नियमों का पालन करने की सख्त हिदायत दी गई।

उन्होंने बताया कि मोटरयान अधिनियम 1988 के प्रावधानों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित वाहन चालकों एवं संचालकों के विरुद्ध विधि अनुसार कठोर कार्यवाही की जाएगी। साथ ही यात्री बसों के मामलों में आवश्यकता पड़ने पर उनके अनुज्ञा पत्र निरस्त करने की कार्यवाही भी की जाएगी।

# कलेक्टर ने सुनी 137 आवेदकों की समस्याएं

### कलेक्टर जल्द से जल्द प्रकरणों का निराकरण करने के दिए अधिकारियों को दिशा निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

राज्य शासन के जनसुनवाई कार्यक्रम के अंतर्गत प्रति सप्ताह मंगलवार को आम नागरिकों की समस्याओं की सुनवाई की जाती है और संबंधित विभाग के अधिकारियों से इन समस्याओं का त्वरित निराकरण कराया जाता है । कलेक्टर श्री हरेंद्र नारायन ने आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में 137 आवेदकों की समस्यायें सुनी ।

इस दौरान जिले के शहरी और ग्रामीण, दूरस्थ अंचलों से आये आवेदकों ने उपस्थित होकर अपनी समस्याओं के निराकरण के लिये आवेदन प्रस्तुत किये । जनसुनवाई में मुख्य रूप से ज़मीन का सीमांकन करने, संबल योजना का लाभ दिलाने, सड़क बनाने, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुये। जनसुनवाई के दौरान आवेदकों के बैठने की व्यवस्था भी की गई थी।



कलेक्टर श्री नारायन ने विभिन्न आवेदनों में तत्काल प्रकरण नोट कराते हुए तत्परता के साथ निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कई प्रकरणों को समय सीमा की बैठक में समीक्षा के लिए भी चिन्हांकित किया। जनसुनवाई कार्यक्रम में आज ग्राम उमरेठ के आवेदकगणों द्वारा स्वामित्व योजना के अंतर्गत जारी पट्टा निरस्त करने, ग्राम दमुआ के श्री मदरसी धुर्वे ने धागे से कपड़े बनाने की मशीन प्रदान करने, ग्राम पगारा के आवेदकगणों ने शासकीय भूमि को शासकीय आबादी भूमि घोषित करने एवं भूमि पर आवासीय पट्टा प्रदान करने, ग्राम गुरैया के ग्रामीणों ने सार्वजनिक रास्ते के अवरोध को हटाने, ग्राम सारंगबिहरी की श्रीमती दुर्गा धांदोडे ने राष्ट्रीय पारिवारिक सहायता योजना तथा मुख्यमंत्री जनकल्याण योजना (संबल योजना) का लाभ दिलाने, ग्राम खजरी अंतू के ग्रामवासियों ने ग्राम पंचायत खजरी अंतू से अम्मूढाना तक सड़क बनाने, ग्राम मोठार की सुश्री शिवानी सूर्यवंशी ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, ग्राम शिवपुरी/सिरगोरा के कृषकों ने खेत सड़क योजना के अंतर्गत सड़क बनाने आदि प्रकरणों में सुनवाई हुई।

# धान उर्पाजन केन्द्र दमुआ में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमुआ

बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि सहकारी समिति मर्यादित वीपेक्स एवं लेम्पस सेवा समिति धान उर्पाजन केन्द्र शाखा दमुआ में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का क्रम चल रहा है दमुआ सहित आसपास के ग्रामीण दूरअंचल क्षेत्रों से किसान भाई अपनी खरीफ सीजन की उपज धान उपार्जन केन्द्र दमुआ लाकर अपनी सरकार की योजना के तहत समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी की जा रही है। धान की आवक बढने से उपार्जन केन्द्र दमुआ गोडाउन में भरे पडे हुए है अब धान का स्टाक कहां रखे धान रखने की परेशानी बढ रही है। फिर भी संबंधित उच्चाधिकारियों को सूचित कर दिया गया है जबकि धान उपार्जन केन्द्र दमुआ में वर्तमान दिनाक 22 दिसम्बर तक धान की खरीदी 1200 किक्वंटल से अधिक हो चुकी है। धान उपार्जन केन्द्र प्रभारी अधिकारी का कहना है कि धान की आवक अधिक होने से रखने की जगह नही है इसलिए परिवहन होना बहुत जरूरी है। समिति प्रबंधक श्री योगेश मोहबे जी, श्री रेवाशंकर सोलंकी, नोडल अधिकारी देवकृत उइके, केन्द्र प्रभारी सचिन, सर्वेयर धनराज राठौर और बलवीर बचले, शेख जफर, सुन्दर यदुवंशी आदि कर्मचारी उपार्जन केन्द्र में सेवा प्रदान कर रहे है। जबकि कृषि और सहकारित विभाग के उच्च अधिकारियों के दिशा निर्देशानुसार एवं सहकारी बैक शाखा दमुआ के प्रबंधक रत्नेश पाटकर जी के मार्गदर्शन में धान उपार्जन केन्द्र दमुआ मे किसानो की सुविधाओ को ध्यान मे रखते हुए समर्थन मूल्य मे धान खरीदी की जा रही है।

## कलेक्ट्रेट कार्यालय में सांसद ने ली जिला स्तरीय बैंकर्स समिति एवं जिला परामर्शदात्री समिति की बैठक

# पीएम द्वारा आपकी पूंजी आपका अधिकार अभियान के माध्यम से खाताधारकों को मिलेगा पैसा : सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशानुरूप आपकी पूंजी आपका अधिकार अभियान के तहत अब लोगों के बंद खातों में पड़ा हुआ पैसा आसानी से मिल सकेगा। लोगों को उनका पैसा उपलब्ध कराने के लिए बैंकों के माध्यम से कैंप और मीटिंग का आयोजन भी किया जायेगा। इसे लेकर सांसद बंटी विवेक साहू ने कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में लीड बैंकों के आधिकारियों की बैठक ली।

उन्होंने अधिकारियों को बताया कि शीतकालीन सत्र के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा सांसदों की बैठक लेकर लोगों का बैंकों में पड़ा पैसा उपलब्ध कराने के लिए सहयोग की अपील की है।



उल्लेखनीय है कि कलेक्ट्रेट कार्यालय छिंदवाड़ा में बैंकों की योजनाओं की समीक्षा करने के लिए बैठक का आयोजन किया गया था। जिसमें प्रमुख लीड बैंकों के अधिकारी और मैनेजर सहित शासकीय विभागों के अधिकारी मौजूद थे। जिसमें सांसद बंटी विवेक साहू ने बैंकों के अधिकारियों को कहा है कि वे उनके बैंकों में बंद खातों में पड़ा हुआ रूपये लोगों को उपलब्ध कराने के लिए कैंप और बैठकों का आयोजन करे। जिसमें वे लोगों को रूपये निकालने की प्रक्रिया को बताते हुए उनसे शीघ्र अतिशीघ्र प्रक्रिया कराकर उन्हें उनके रूपये वापस करने की प्रक्रिया पूर्ण करें।

कलेक्ट्रेट कार्यालय में बैठक के दौरान सांसद बंटी विवेक साहू ने बैंक के अधिकारियों को बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशा के अनुरूप अब हितग्राहियों के खातें में सीधा पैसा भेजा जा रहा है। लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में एटीएम सुविधा नहीं होने से लोगों को पैसा निकालने में परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्रों में बीसी अपाईंट किए जाए, जो गांवों में जाकर लोगों का पैसा उन्हें निकालकर देने के साथ ही बैंकों की अन्य प्रक्रिया भी गांव में ही पूरी की जायेगी।

// न्यायालय तहसीलदार छिन्दवाड़ा नगर-3 छिन्दवाड़ा//
इश्तहार
राजस्व प्रकरण क्रमांक 978/अ-6/2025-26
मौजा चंदनगांव
चूकि आवेदिका अंजली सोनी पिता गोविन्द सोनी निवासी शिवनगर कॉलोनी छिन्दवाड़ा द्वारा मौजा चंदनगांव पटवारी हल्का नंबर 17 राजस्व निरीक्षक मंडल छिन्दवाड़ा नगर-3 स्थित खसरा नंबर 1014/8/2 रकबा 0.014 हे० भूमि के सहखातेदार गोविन्द पिता रामप्रसाद सोनी दिनांक 12-9-2025 को फौत है। वारसान पत्नि संगीता पति गोविंद फौत है। फौत सहखातेदार का नाम विलोपित कर फौत सहखातेदार के वारसान अंजली सोनी पिता गोविन्द सोनी का वारसान हक के आधार पर नाम दर्ज किये जाने हेतु प्रस्तुत आवेदनपत्र लोक सेवा केन्द्र छिन्दवाड़ा का पंजीयन क्रमांक आर एस / 455/0760/6155/2025 दिनांक 11-11-2025 के माध्यम से प्राप्त हुआ है। अतः एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मौजा चंदनगांव पटवारी हल्का नंबर 17 राजस्व निरीक्षक मंडल छिन्दवाड़ा नगर-3 स्थित खसरा नंबर 1014/8/2 रकबा 0.014 हे० भूमि के सहखातेदार गोविन्द पिता रामप्रसाद सोनी का नाम विलोपित कर फौत सहखातेदार के वारसान अंजली सोनी पिता गोविन्द सोनी का वारसान हक के आधार पर नाम दर्ज किये जाने मे यदि कोई दावा आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 07-01-2026 को स्वयं या अपने मान्य अभिकर्ता के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि गत हो जाने के उपरांत प्राप्त दावे आपत्तियो पर विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 24-12-2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा के अधीन जारी किया गया।
तहसीलदार नगर
छिन्दवाड़ा

# बिजली के तार से पतंग निकाल रहा बच्चा 80 प्रतिशत झुलसा

पांढुर्ना। आज 23 दिसंबर को यहां शंकरनगर वार्ड में जयेश नामक 10 वर्षीय बालक 11 केवी बिजली के तारों पर लटक रही पतंग निकालने के दौरान करेंट से 80 प्रतिशत झुलस गया। यहां उपचार उपरांत जयेश को गंभीर हालत में नागपुर रिफर किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार जयेश बागडे आयु 10 वर्ष अपने परिवार के साथ एक विवाह समारोह में शामिल होने के लिए ग्राम पुसला तहसील वरूड महाराष्ट्र से आया था। सोमवार को शादी हुई और मंगलवार को रिसेप्शन हुआ था। आज जयेश मकान की छत पर पतंग उडा रहा था। इस दौरान पतंग छत के उपर से जा रहे 11 केवी के बिजली लाईन के तारों में फंस गई। जयेश ने छत पर रखी एक लकडी से तार पर फंसी पतंग निकालने की कोशिश की और उसे बिजली का झटका लगा। बालरोग विशेषज्ञ डॉ. मिलिंद गजभिए के अनुसार बालक के छाती से लेकर पैर तक का हिस्सा बुरी तरह झुलस गया है।



### जनसुनवाई के दौरान एसडीएम, संयुक्त कलेक्टर एवं डिप्टी कलेक्टर आदि रहे मौजूद

# जनसुनवाई में आई इलाज, पट्टा, बीमा, लाडली बहना और पीएम आवास की शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

साप्ताहिक जनसुनवाई में आज अपर कलेक्टर नीलमणि अग्निहोत्री के सामने 44 हितग्राहियों ने अपनी समस्याएं प्रस्तुत की। जनसुनवाई में मुख्य रूप से जमीन का सीमांकन, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, भू अधिकार पट्टा दिलाने, जन्म व मृत्यु प्रमाणत्र बनाने, जाति प्रमाणपत्र बनाने, मुख्यमंत्री लाडली बहन योजना का लाभ दिलाने, खसरा-नक्शा दुरस्त कराने संबंधी आवेदन प्राप्त हुए।

अपर कलेक्टर अग्निहोत्री ने विभिनन आवेदनों में तत्काल प्रकरण नोट कराते हुए तत्पारता के साथ निराकरण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में आज अनिता धुर्वे ग्राम रायबासा द्वारा ऑपरेशन के लिए विकलांग सहायता राशि दिलाने, ओजाराम द्वारा वनअधिकार अधिनियम वर्ष 2005-06 के परिपालन में राजस्व भूमि पर काबिज भूमि पट्टा दिए जाने, गोपाल अहिरे द्वारा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के संबंध में, मंगल देवास ग्राम तिगांव द्वारा लाडली बहना का लाभ मिलने के लिए, योगेश देवासे द्वारा पीएम आवास योजना का लाभ दिलवाने के संबंध में, प्रकाश घोडे द्वारा कृषि भूमि का नक्शा दुरस्ती करने, हाफिज खान द्वारा आवक जावक रोड पर अतिक्रमण हटाए जाने, चायती सिरसाम कामठीकला द्वारा पति की मौत होने पर मुख्यमंत्री कृषि जीवन कष्ल्याण योजना में लाभ दिलाने, अक्षय बागडे तथा लोहिया ग्रिन एनर्जी एथेनॉल कंपनी से होनेवाले स्वास्थ्य के नुकसान एवं धूंए से खराब हो रही फसल के संबंध में शिकायतें प्रस्तुत की गई।

जनसुनवाई के दौरान एसडीएम अलका एक्का, संयुक्त कलेक्टर मेघा शर्मा एवं नेहा सोनी, डिप्टी कलेक्टर प्रियंक मिश्रा, सुश्री प्रेक्षा पाठक सहित विभिन्न विभागों के जिलास्तरीय और संबंधित अधिकारियों द्वारा आवेदनों पर सुनवाई की गई।




## जल कलश यात्रा के साथ श्री राम कथा का हुआ आयोजन

**जुन्नारदेव।** विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत रिछेड़ा स्थित हनुमान मंदिर परिसर में सोमवार 22 दिसंबर को जल कलश यात्रा के साथ श्री राम कथा का प्रारंभ किया गया। कथा के द्वितीय दिवस कथा व्यास पं. बिहारीलाल शास्त्री (उदयपुरा, जिला रायसेन) द्वारा माता सती की अत्यंत भावपूर्ण व प्रेरक कथा का वाचन किया गया। कथा में प्रसंग आया कि किस प्रकार माता सती ने अपने पिता राजा दक्ष के यज्ञ में भगवान शिव का अपमान सहन न कर योगाग्नि द्वारा अपने शरीर का त्याग किया। कथा व्यास ने इस प्रसंग के माध्यम से सनातन धर्म की मर्यादा, नारी सम्मान, पति धर्म और आत्मसम्मान की शिक्षा पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जहाँ धर्म और सत्य का अपमान हो, वहाँ मौन रहना भी अधर्म के समान है। माता सती का त्याग सनातन धर्म की महान परंपरा और आदर्शों का प्रतीक है। कथा के दौरान श्रद्धालु भक्ति रस में डूबे नजर आए और पूरा पंडाल हर-हर महादेव के जयघोष से गूंज उठा। बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। आयोजन समिति द्वारा श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में कथा श्रवण कर धर्म लाभ अर्जित करने की अपील की गई है।



## गौमाता को राष्ट्र माता बनाने को लेकर बैठक संपन्न

**जुन्नारदेव।** शहरी क्षेत्र के सुकरी वार्ड क्रमांक 18 स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में मंगलवार को एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें गौरक्षा सेवा एवं सहयोग समिति नवेगांव (जुन्नारदेव) के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्य की उपस्थिति रहीं हैं। बैठक में सभी सनातनी को संप्रेषित किया गया कि गौरक्षा सेवा एवं सहयोग समिति नवेगांव (जुन्नारदेव) गौमाता को राष्ट्र माता बनाने हेतु नयें वर्ष के उपलक्ष्य में जुन्नारदेव के प्राचीन हनुमान मंदिर सुकरी में तीन दिवसीय संगीतमय गौ कथा का आयोजन किया जाना हैं, जिसमें पंडित विनय दुबे के द्वारा गौ कथा श्रवण कराई जावेगी। समिति के सदस्यों ने जानकारी देते हुए बताया गया कि तीन दिवसीय गौ कथा आगामी 31 दिसंबर से प्रारंभ होगी जो 2 जनवरी को समापन होगा, कथा का समय प्रतिदिन दोपहर 12 बजे 5 बजें तक रहेगा। जिसमें ज्यादा से ज्यादा संख्या में सनातनी धर्म प्रेमियों की उपस्थिति सुनिश्चित करना है। इस अवसर पर ललित यदुवंषी, दुर्गेष यदुवंषी, जगदीष पटेल, सेवक यदुवंषी, राजेष आम्रवंषी, मयुर उबनारे, योगेष यदुवंषी, मोतीराम, करन यदुवंषी, रामकिषोर यदुवंषी, अषोक सूर्यवंषी, संतोष यदुवंषी दौलत पटेल, विनोद उइके, ठिम्मर यदुवंषी, गजानन्द यदुवंषी सहित समस्त गौ रक्षा समिति के सदस्य उपस्थित रहें।



## हाई स्कूल के वार्षिक खेल उत्सव का हर्षोल्लास के साथ समापन




**जुन्नारदेव।** ग्राम मोरकुंड स्थित उड़ान पब्लिक हाई स्कूल में वार्षिक खेलकूद उत्सव का आयोजन अत्यंत उत्साहपूर्ण एवं आनंदमय वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद जुन्नारदेव के अध्यक्ष श्री रमेश सालोडे, उपाध्यक्ष श्रीमती सोनिया कुमारे, नपा पार्षदगण एवं भाजपा कार्यकर्ताओं के कर-कमलों से विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के प्रथम दिवस नन्हे-मुन्ने बच्चों के लिए विशेष खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें मेंढक दौड़, बोरा दौड़, जलेबी दौड़, म्यूजिकल चेयर, 50 मीटर दौड़, ऊँची कूद एवं लंबी कूद जैसी रोचक व मनोरंजक प्रतियोगिताएँ शामिल रहीं। बच्चों ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ खेलों में भाग लिया, जिसे देखकर अभिभावक भी अत्यंत आनंदित नजर आए।विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेलकूद बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है तथा इससे अनुशासन, टीम भावना, नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास का विकास होता है।वार्षिक खेल उत्सव के समापन अवसर पर रस्सी कूद एवं कबड्डी जैसी रोमांचक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर विशेष रूप से भाजपा नेता श्री दीपेश जैन, श्री विशेष चौरसिया, श्री देवेंद्र टांडेकर, श्री राजकुमार मर्सकोले, श्री पारस बोनिया, श्री कपिल शुक्ला, महिला नेत्री एवं पार्षद श्रीमती दीप्ति कांता साहू, श्रीमती सीमा पवार, बैंक ऑफ़ महाराष्ट्र के प्रबंधक श्री नवीन दामले, अशासकीय शाला संघ के अध्यक्ष श्री सुनील फल्के, सचिव, श्री मितेश जायसवाल, कोषाध्यक्ष राजेश यदुवंशी, कार्यकारी अध्यक्ष श्री सुधीर तिवारी, श्री जय सिंह बैंस सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।कार्यक्रम के समापन अवसर पर विद्यालय के संचालक श्री मयंक साहू ने कार्यक्रम की संपूर्ण जानकारी देते हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया, बच्चों को बधाई दी।

# धमनिया, कोहका - दमुआ के बीच लगेगा बिजली सब स्टेशन

### 3 करोड़ 26 लाख रूपये आएगा खर्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

परासिया विधानसभा की ग्राम पंचायत धमनिया , कोहका - दमुआ के बीच बिजली का सब स्टेशन जल्द ही लगेगा । जिसे स्थापित करने में 3 करोड़ , 26 लाख , 72 हजार ख़र्च होंगे । जिसके लिए राज्य सरकार से मंजूरी मिल गई है । विधायक सोहन वाल्मीकि ने इस क्षेत्र में बिजली को लेकर होने वाली समस्या का मुद्दा विधानसभा में उठाया था ।

क्षेत्रीय विधायक मान. सोहनलाल वाल्मीकि के अथक प्रयासों से परासिया विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम धमनिया के पास दमुआ एवं कोहका के बीच में 33/11 के.व्ही. के विद्युत सब स्टेशन (उपकेन्द्र) स्थापित किए जाने की स्वीकृति शासन द्वारा प्रदान कराई गई है । जिस कार्य की लागत राशि 326.72 लाख (तीन करोड़ छब्बीस लाख बहात्तर हजार) रूपये है । परासिया विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत लगभग 5 ग्राम पंचायतें ऐसी हैं , जिनमें तामिया (छिंदी) फीडर से विद्युत की सप्लाई की जाती है । इन सभी 5 पंचायतों बुदलापठार (सूठिया कोंडरा), कोहका , दमुआ , धमनिया , लोहारीबांदरी पंचायतों के आश्रित गाँवों में भी छिंदी तामिया फीडर से ही विद्युत की सप्लाई की जाती है । चूंकि इन सभी पंचायतों एवं गाँवों में भारिया समाज एवं आदिवासी समाज के लोगों एवं उनके परिवार बहुत अधिक संख्या में निवास करते हैं । आये दिन पंचायतों एवं गाँवों में कम वोल्टेज की निरंतर समस्या बनी रहती है । यदि किसी प्रकार से विद्युत लाईन में ब्रेकडाउन होता है , तो कई दिनों तक गाँव में विद्युत बंद रहती है तथा विद्युत विभाग का कोई अधिकारी व कर्मचारी समस्या के समाधान में ध्यान नहीं देता था । जिसके कारण आम उपभोक्ताओं / कृषकों एवं भारिया समाज , आदिवासी समाज के छात्र/छात्राओं को अध्ययन करने में विद्युत संबंधी अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ता है । इन विद्युत संबंधी समस्याओं के निदान हेतु ग्राम ग्राम दमुआ एवं ग्राम कोहका के बीच में 33/11 के.व्ही. का विद्युत सब स्टेशन (उपकेन्द्र) स्थापित कराया जाना और सब स्टेशन को परासिया डिविजन के पगारा से जोड़ा जाना भी अत्यंत आवश्यक था । जिस कार्य के लिए क्षेत्रीय विधायक सोहनलाल वाल्मीकि के द्वारा निरंतर प्रयास किए गये । उनके द्वारा उपकेन्द्र की स्वीकृति / स्थापना हेतु कई बार विभागीय मंत्री , मुख्यमंत्री एवं विद्युत विभाग के संबंधित अधिकारियों से पत्राचार करते करने के साथ - साथ मिलकर चर्चा की भी की गई । उपकेन्द्र की स्वीकृति हेतु कई बार विधानसभा में प्रश्न लगाये गये और उपकेन्द्र की स्वीकृति का मुद्दा भी विधानसभा में उठाया गया । जिसके फलस्वरूप शासन द्वारा ग्राम धमनिया के पास ग्राम दमुआ एवं कोहका के बीच में 33/11 के.व्ही. के विद्युत सब स्टेशन (उपकेन्द्र) स्थापित किए जाने की स्वीकृति द्वारा प्रदान कर दी गई है । उक्त कार्य को प्रारंभ कराने की संपूर्ण विभागीय प्रक्रिया को जल्द ही पूर्ण कराकर सब स्टेशन के कार्य को शीघ्र अतिशीघ्र प्रारंभ कराकर पूर्ण करा दिया जायेगा । विद्युत सब स्टेशन स्थापित होने से आदिवासी ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामीणजनों की विद्युत संबंधी



## आधा एकड़ सरकारी भूमि पर संचालित हो रहा ईंट भट्टा पटवारी ने किया स्थल परीक्षण



**परासिया :-** उमरेठ तहसील के अंतर्गत पटवारी हल्का नंबर 14 , ग्राम पंचायत सोनापीपरी में करीब आधा एकड़ सरकारी भूमि पर ईंट भट्टा संचालित हो रहा है । यह बात तब सामने आई जब हल्का पटवारी यश जायसवाल ने स्थल परिक्षण किया ।ग्राम पंचायत सोनापीपरी की शिकायत पर पटवारी और कोटवार ग्राम पंचायत के अंतर्गत संचालित ईंट भट्टे पर पहुंचे । मौका की परीक्षण में पाया गया , कि गांधीवाड़ा निवासी प्रकाश प्रजापति द्वारा ग्राम पंचायत सोनापिपरी के ही किसान का खेत किराये पर लेकर ईंट बनाने का कार्य किया जा रहा था , लेकिन किसान की भूमि से लगी सरकारी भूमि पर भी लगभग आधा एकड़ पर कब्ज़ा कर ईंट बनाई जा रही थी । पटवारी द्वारा निरिक्षण के बाद पंचनामा तैयार कर रिपोर्ट अग्रिम कार्यवाही के लिए तहसीलदार को पेश की गई है ।

### कलपाथरी, बडग़ांव और मनेरी में पहुंचकर किसानों से की चर्चा

# एसडीएम लांजी ने किया धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज लांजी।

एसडीएम कमलचंद सिंहसार ने 23 दिसंबर को लांजी तहसील के अंतर्गत कलपाथरी, बडग़ांव और मनेरी के धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं को देखा। इस दौरान उन्होंने धान लेकर आए किसानों से भी चर्चा की। धान खरीदी केंद्रो के निरीक्षण के दौरान एसडीएम श्री सिंहसार ने केंद्र में धान की बिक्री के लिए पंजीयन कराने वाले किसानों, स्लॉट बुक कराने वाले किसानों एवं धान विक्रय कर चुके किसानों की जानकारी ली। उन्होंने खरीदी केंद्रो में बारदाने की उपलब्धता, सीसीटीवी कैमरे से निगरानी एवं तौल के संबंध में केंद्र प्रभारी से जानकारी ली। एसडीएम ने केंद्र प्रभारी एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर को सख्त निर्देश दिये कि धान की खरीदी में किसी भी तरह की गड़बड़ी न होने दे अन्यथा उनके विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिस दिन धान की खरीदी की गई है उसकी उसी दिन ऑनलाइन एंट्री हो जाना चाहिए। यदि दूसरे दिन एंट्री किया जाना पाया जाता है तो दोषी व्यक्ति के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। वहीं धान बोरी की सिलाई के संबंध में समस्या होने के सवाल पर उनका कहना था की यह समस्या कुछ केंद्रों में पहले हो रही थी परंतु अब सभी केंद्रों में स्थिति सामान्य हो चुकी है कहीं कोई समस्या नहीं है। धान खरीदी सुचारू रूप से चल रही है।



## नेवरगॉव ला पावर हाऊस में 5 एमवीए का ट्रांसफार्मर स्थापित

**वारासिवनी।** वारासिवनी संभाग के अंतर्गत अमोली वितरण केन्द्र में स्थापित नेवरगॉव ला पावर हाउस से संयोजित उपभोक्ताओं से लगातार मिल रही शिकायत व क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की मांग पर नेवरगांव ला उपकेन्द्र में एक 5 एम वी ए का पावर ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया है। जिस पर 20 दिसम्बर 2025 को भार भी अधिरोपित कर दिया गया, जो निरंतर सुचारू रूप से क्षेत्रीय ग्रामीणजनों को विद्युत आपूर्ति कर रहा है। इस आशय की जानकारी देते हुए वारासिवनी संभाग के कार्यपालन अभियंता बी एल भैना ने बताया कि इस ट्रांसफार्मर के स्थापित होने से क्षेत्र के लगभग 32 ग्राम के 7500 उपभोक्ताओं को विद्युत का लाभ प्राप्त हो रहा है। इस अवसर पर संभाग वारासिवनी के कार्यपालन अभियंता बी. एल. भैना, वितरण केंद्र अमोली के कनिष्ठ अभियंता विनीत कुमार टेकाम एवं वितरण केंद्र के सभी तकनीकी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### शासकीय एसएसपी महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह सम्पन्न

# शिक्षा एक ऐसा धन है, जिसे कोई ना चुरा सकता और ना ही बॉट सकता- पटेल

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

शासकीय शंकर साव पटेल महाविद्यालय वारासिवनी के छात्र-छात्राओं ने नगर के एक निजी लॉन में बिदाई समारोह का आयोजन किया। जिसमें जूनियर विद्यार्थियों द्वारा अपने सीनियर विद्यार्थियों को बिदाई दी गई। इस मौके पर छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देते हुए पुरानी बातों को याद करते हुए हंसी मजाक के साथ कार्यक्रम का उत्साह के साथ आनंद उठाया। जिससे यह यादगार पल बन गया।

कार्यक्रम में विधायक विवेक विक्की पटेल मुख्य अतिथि के रुप में शामिल हुए। जहां छात्र-छात्राओं ने उनका पुष्प गुच्छ से भव्य स्वागत किया। जिसके बाद अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान आयोजक सुशील गणवीर, अभिनय डोंगरे, ऋतिक गौतम, त्रिलोक सिरसाम, विजय धार्मिक, उज्ज्वल गौतम, दीपक खरोले, राज शिंदे, गौरव चौरे, विशाल डायरे, कार्तिक डोंगरे, सुरभि मेश्राम, प्रियांशी बाहेश्वर, हिमांशी तुरकर, सलोनी पटले सहित छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

**पुरानी यादों को भूलकर नए सफर की करे शुरूआत:** इस अवसर पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए विधायक विवेक विक्की पटेल ने कहा कि यह बीता हुआ समय कभी वापस नहीं आएगा। यह समारोह छात्रों के जीवन के एक महत्वपूर्ण अध्याय के अंत और नए सफर की शुरुआत का प्रतीक होता हैं। जिसमें पुरानी यादें ताजा की जाती है। छात्राओं ने नृत्य और अन्य कलाकारों के माध्यम से समारोह को यादगार बनाया और अपने शिक्षकों का सम्मान किया। जीवन का सबसे भावनात्मक और कठिन क्षण बिदाई समारोह होता हैं, यह वह समय होता हैं, जब विद्यार्थी अपने प्रिय शिक्षकों, दोस्तों और कॉलेज से बिदाई लेते है। यह दिन एक ओर जहां खुशी लाता हैं, तो दूसरी ओर आंखों में ऑसू भर देता हैं। शिक्षा ही एक ऐसा धन हैं, जिसे कोई चुरा नहीं सकता और ना ही इसे कोई बॉट सकता हैं। आप लोग कड़ी मेहनत कर अपने मुकाम को हासिल करे और अपने माता-पिता और विद्यालय का नाम रोशन करे।



## बालाघाट में फर्जी विकलांग प्रमाण पत्र मामला: स्वास्थ्य विभाग पर मिलीभगत का आरोप

**लांजी।** वर्ष 2004 में स्वास्थ्य विभाग बालाघाट द्वारा जारी फर्जी विकलांग प्रमाण पत्र का मामला प्रकाश में आया है। आरोप है कि विभाग ने मिलीभगत कर शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला भानेगांव के प्राचार्य चंद्रभूषण चौहान को फर्जी प्रमाण पत्र जारी किया, जिसके आधार पर उन्होंने 2006 में शासकीय नौकरी प्राप्त की। सामाजिक कार्यकर्ता सुरेश भगत ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बालाघाट को आवेदन दिया, लेकिन जवाब मिला कि तब डीआरसी बोर्ड संचालित नहीं था। अब सवाल उठ रहा है कि प्रमाण पत्र कैसे जारी हुआ? सुरेश भगत ने मुख्य निदेशक, दिव्यांग पुनर्वास केंद्र भोपाल, संभागीय आयुक्त जबलपुर और जिला कलेक्टर बालाघाट से निष्पक्ष जांच की मांग की है।

### भाण्डामुर्री सरपंच छाया मेश्राम, रोजगार सहायक, संतोष जुगनाके उपयंत्री, राजेंद्र मुड़िया को कारण बताओं नोटिस जारी

# नहीं बनाया रिचार्ज पिट (डगवेल) डकार ली राशि!

हरिभूमि न्यूज लालबर्रा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बालाघाट अभिषेक सराफ द्वारा जनपद पंचायत लालबर्रा के पत्र क्रमांक 7180 दिनांक 10-10.2025 एवं संयुक्त जांच दल का पत्र क्रमांक 8450 दिनांक 12 12.2025 के पत्र पर ग्राम पंचायत भाण्डामुर्री की सरपंच छाया मेश्राम रोजगार सहायक व पूर्व प्रभारी सचिव संतोष जुगनाके व उपयंत्री राजेंद्र मुड़िया को शासन की महत्वाकांक्षी जल गंगा संवर्धन योजना अंतर्गत रिचार्ज पिट ( डगवेल) के निर्माण में किये गए भ्रष्टाचार व अन्य मामले पर 22 दिसंबर 2025 दिन सोमवार को कारण बताओं नोटिस जारी किया है और निर्देशित किया है कि तीन दिवस के भीतर अपना स्पष्ट प्रति उत्तर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें, जवाब संतोषप्रद नहीं होने अथवा प्रस्तुत नहीं करने पर नियम अनुसार कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**क्या था पूरा मामला:** ग्राम पंचायत भाण्डामुर्री मे विकास के नाम पर किए गए भ्रष्टाचार जल गंगा संवर्धन मिशन अंतर्गत रिचार्ज पिट (डगवेल) मे की गई भारी अनियमितता एवं सरपंच सचिव द्वारा पांचवा एवं 15 वां वित्त की राशि से कराए गए निर्माण कार्य के संबंध में मासिक बैठकों मे व्यय राशि की जानकारी नहीं देना सहित अन्य मामलों को लेकर ग्राम पंचायतभाण्डामुर्री के उपसरपंच सहित अनेको पंचों एवं जागरूक जनो द्वारा नवंबर महीने मे मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत लालबर्रा को शिकायत प्रस्तुत कर मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की थी और मीडिया के माध्यम से जिला कलेक्टर से गुहार लगाई थी कि जिला स्तरीय जांच दल द्वारा ग्राम पंचायत भाण्डामुर्री में सरपंच और सचिव द्वारा किए गए भ्रष्टाचार की जांच कराई जाए. गंभीर मामले पर संज्ञान लेते हुए जिला प्रशासन द्वारा निष्पक्ष जांच के लिए जिला स्तरीय जांच दल का गठन किया गया था।

**जांच दल को नहीं मिले जांच से संबंधित आवश्यक दस्तावेज:** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बालाघाट के निर्देश पर 12 दिसंबर 2025 को ग्राम पंचायत भाण्डामुर्री मे किए गए भ्रष्टाचार की जांच करने पहुंचे संयुक्त जांच दल द्वारा सरपंच सचिव और शिकायतकर्ताओं की उपस्थिति में शिकायत के प्रत्येक बिंदुओं पर स्थल जांच की गई जिसमें जांच दल ने पाया कि1) वार्ड नंबर 3 कछार टोला में रिचार्ज पिट का निर्माण नहीं कराया गया पूर्व में ही राशि सरपंच, सचिव द्वारा खर्च कर ली गई. 2)वार्ड नंबर 17 मे जानकी प्रसाद क्षीरसागर के मकान के सामने सार्वजनिक कूप के पास एक सप्ताह पहले गड्ढा खोदा गया लेकिन कार्य अभी भी अपूर्ण है 3) वार्ड नंबर 17, 18 आंगनबाड़ी भवन के समीप रिचार्ज पिट एक सप्ताह पहले कार्य कराया गया राशि पूर्व में ही आहरित की गई है।4) वार्ड नंबर 18 में सभा मंच सार्वजनिक कूप के पास रिचार्ज पिट (डगवेल) का कार्य एक सप्ताह पहले कराया गया है राशि पूर्व में ही निकाल खर्च की गई है 5) वार्ड नंबर 8 में सीमेंट कंक्रीट नाली निर्माण पांचवा वित्त मद से कराया गया है जो कार्य अपूर्ण है।6) ग्राम पंचायत की प्रभारी सचिव द्वारा ग्राम पंचायत की मासिक बैठकों में पांचवा वित्त और 15 वां वित पर व्यय राशि की जानकारी प्रस्तुत नहीं किया जाना.7) शिकायत जांच के समय जनपद/ जिला स्तरीय संयुक्त जांच दल को शिकायत से संबंधित समस्त आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत न किया जाना है।

**कब तक चलता रहेगा नोटिसों का दौर:** नवंबर महीने में भाण्डामुर्री के पंचों द्वारा की गई शिकायत की जांच पर भी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत लालबर्रा द्वारा दिनांक 4. 12.2025 के पत्र क्रमांक 40 94 जांच प्रतिवेदन जिला पंचायत को भेजा गया था गंभीर मामले पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बालाघाट अभिषेक सराफ द्वारा दिनांक 13.12. 2025 को ग्राम पंचायत भाण्डामुर्री के रोजगार सहायक संतोष जुगनाके को पदीय कर्तव्यों के निर्वहन में लापरवाही बरतने पर कारण बताओं नोटिस जारी किया था और तीन दिवस के भीतर संतोषप्रद प्रस्तुत करने निर्देशित किया था बावजूद 10 दिन बीत जाने के बाद भी लापरवाह रोजगार सहायक पर कार्रवाई न होना जिला प्रशासन की कार्य शैली पर सवाल है.? ग्राम की जनता का सवाल है..आखिर नोटिसों का दौर कब तक चलता रहेगा साहब..? एक्शन चाहिए एक्शन.. देखना होगा कि जल गंगा संवर्धन योजना में किए गए भ्रष्टाचार पर क्या ठोस कार्रवाई की जाती है!





हरिभूमि
रोजगार सहायक संतोष जुगनाके को बर्खास्त करने उठ रही मांग?
हरिभूमि

## अल्फा पब्लिक स्कूल में वार्षिक उत्सव आयोजित



### बच्चों ने नृत्य व ऐतिहासिक प्रसंगों की प्रस्तुति दी, दर्शकों ने बच्चों के प्रस्तुती की सराहना

**हरिभूमि न्यूज लांजी ।** अल्फा पब्लिक स्कूल भानेगांव में वार्षिक उत्सव 2025 समारोह धूमधाम से मनाया गया। समारोह में क्षेत्रीय विधायक राजकुमार कर्राहे ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ की गई। मुख्यातिथि ने परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया। उन्होंने बच्चों को मेहनत, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण से आगे बढ़ने का संदेश दिया।उन्होंने बच्चों को अच्छा नागरिक बनाने में माता-पिता के बाद शिक्षण संस्थानों का अहम योगदान बताया। श्री कर्राहे ने कहा कि शिक्षकों से मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के पद चिन्हों पर चलकर बच्चों को संस्कारवान बनाने के साथ ही गुणवतापरक शिक्षा देने का सुझाव दिया और स्कूल के संस्थापक सेवक राम बल्ले द्वारा इस क्षेत्र में किये जा रहे विशेष योगदान को सराहा और प्रसन्नता भी व्यक्त की। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया वहीं 2024 25 में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को क्षेत्रीय विधायक राजकुमार कर्राहे के द्वारा शिल्ड भेंट की गई। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के द्वारा लोक नृत्य की प्रस्तुति दी गई एवं सोशल मीडिया का दुष्परिणाम भी एक नाटकीय तौर पर दर्शाया गया। कार्यक्रम जनपद सदस्य रेवाराम कराटकर एवं भानेगांव सरपंच राम ठाकरे की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न किया गया। कार्यक्रम में अल्फा पब्लिक स्कूल के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

## मिशन वात्सल्य अंतर्गत दत्तक ग्रहण विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मिशन वात्सल्य के अंतर्गत संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग, भोपाल द्वारा जारी प्रशिक्षण कैलेण्डर के अनुपालन में महिला एवं बाल विकास विभाग सिवनी द्वारा दत्तक ग्रहण विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन सोमवार 22 दिसम्बर 2025 को किया गया। यह प्रशिक्षण प्रातः 9.30 बजे से नर्सिंग प्रशिक्षण संस्थान, इंदिरा गांधी जिला चिकित्सालय परिसर में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के विभिन्न निजी एवं शासकीय अस्पतालों जैसे जेएनएम हॉस्पिटल, पुष्पा मेमोरियल हॉस्पिटल, कृष्णा केयर हॉस्पिटल, साईराम हॉस्पिटल, सेवा सदन हॉस्पिटल, बीसेन हॉस्पिटल, जिंदल हॉस्पिटल सहित अन्य अस्पतालों के मैनेजर एवं स्टाफ ने सहभागिता की

# खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग सिवनी एवं फ्लाइंग स्क्वायड टीम भोपाल विभिन्न रिसोर्ट का संयुक्त रूप से किया निरीक्षण

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन सिवनी एवं फ्लाइंग स्क्वायड टीम भोपाल द्वारा सोमवार 22 दिसम्बर को पेंच नेशनल पार्क क्षेत्र स्थित साईं प्रसाद रिजॉर्ट, टूरिया (कुरई) का संयुक्त निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान रिजॉर्ट में खाद्य पदार्थों के निर्माण एवं भंडारण में गंभीर अनियमितताएं पाई गईं।

## निर्माण एवं भंडारण में अनियमितताएं पाये जाने पर पेंच स्थित साईं प्रसाद रिसोर्ट का लाइसेंस निलंबित

हरिभूमि न्यूज सिवनी।





**खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने पाया कि रिजॉर्ट की रसोई एवं खाद्य सामग्री रखने की जगहों पर अत्यंत अस्वच्छ परिस्थितियां मौजूद थीं। तैयार किए जा रहे खाद्य पदार्थ मानक गुणवत्ता के अनुरूप नहीं पाए गए।**

कई खाद्य सामग्री मानव उपभोग के लिए अनुपयुक्त पाई गईं, जिससे उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पडऩे की आशंका जताई गई। निरीक्षण दल के अनुसार, ऐसी परिस्थितियों में भोजन तैयार किए जाने से गंभीर संक्रामक बीमारियों के फैलने की संभावना बनी रहती है, जो मानव स्वास्थ्य के लिए अत्यंत घातक हो सकती है। खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत इसे गंभीर उल्लंघन मानते हुए साईं प्रसाद रिजॉर्ट के खिलाफ त्वरित कार्रवाई की गई। खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने उपरोक्त अनियमितताओं को देखते हुए साईं प्रसाद रिजॉर्ट का खाद्य लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। साथ ही रिजॉर्ट प्रबंधन को निर्देश दिए गए हैं कि जब तक सभी कमियों को दूर कर निर्धारित मानकों का पालन नहीं किया जाता, तब तक खाद्य सेवाएं संचालित नहीं की जाएंगी।

# अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने पर एक अधिकारी एवं दो कर्मचारियों को नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

उपसंचालक पेंच टाइगर रिजर्व सिवनी द्वारा बिना किसी पूर्व सूचना के अपने कर्तव्य से अनुपस्थित रहने के मामले में विभाग द्वारा वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी रोहित परते को नोटिस जारी किया गया है। जारी सूचना के अनुसार रोहित परते दिनांक 16 अक्टूबर 2025 से लगातार अपने निर्धारित कर्तव्य स्थल से बिना अनुमति एवं बिना किसी सूचना के अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित हैं।

इसी क्रम में वनपाल उमरावसिंह मरावी, जो कि 13 जुलाई 2025 से तथा वन रक्षक दीपक कुमार परते 23 अप्रेल 2024 से लगातार बिना किस पूर्व सूचना के अनुपस्थित हैं, जो शासकीय सेवा नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है। उपसंचालक पेंच टाईगर रिजर्व ने बताया कि उनके द्वारा अब तक किसी भी प्रकार का अवकाश आवेदन अथवा अनुपस्थिति के संबंध में कोई सूचना कार्यालय को प्रस्तुत नहीं की गई है। इस प्रकार की लापरवाही से शासकीय कार्य प्रभावित हो रहा है तथा प्रशासनिक अनुशासन भंग हो रहा है।

उपसंचालक पेंच ने सूचित किया गया है कि विज्ञप्ति जारी होने की तिथि से 15 दिवस के भीतर अपने कर्तव्य स्थल पर उपस्थित होकर अनुपस्थिति अवधि से संबंधित ठोस एवं वैध प्रमाण प्रस्तुत करें। निर्धारित समय-सीमा के भीतर उपस्थित न होने की स्थिति में यह माना जाएगा कि संबंधित अधिकारी को शासकीय सेवा में कोई रुचि नहीं है। समय-सीमा समाप्त होने के पश्चात उनके विरुद्ध मध्यप्रदेश शासकीय सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के नियम-10 में निहित प्रावधानों के अंतर्गत कठोर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी, जिसके लिए संबंधित अधिकारी-कर्मचारी स्वयं जिम्मेदार होंगे।

# अनुज्ञप्तिधारी व्यापारियों के गोदामों का किया गया निरीक्षण

**खरीफ उपार्जन वर्ष 2025-26 अंतर्गत धान उपार्जन अवधि के दौरान अनुज्ञप्तिधारी व्यापारियों के गोदामों का सतत निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में दिनांक 19 दिसंबर 2025 को संयुक्त रूप से ग्राम मानेगांव निवासी कैलाश साहू पिता श्री सुरेश साहू एवं दीपक साहू पिता लक्ष्मण साहू के गोदामों का निरीक्षण किया गया।**

## मौके में मिली धान को अभिरक्षा में लिया गया

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** निरीक्षण के दौरान कैलाश साहू के मकान के समीप स्थित उनके गोदाम में 300 क्विंटल धान भंडारित पाया गया। श्री साहू कृषि उपज मंडी पलारी से अनुज्ञप्तिधारी व्यापारी हैं तथा उनके द्वारा उक्त धान लवली ट्रेडर्स, जबलपुर से मंडी शुल्क अदा कर दिनांक 19 दिसंबर 2025 को मंगवाया गया बताया गया।

इसी प्रकार श्री दीपक साहू के मकान से लगे गोदाम में 260 क्विंटल धान भंडारित पाया गया। साथ ही गोदाम के बाहर खड़े ट्रैक्टर क्रमांक एम.पी. 22/जेड.ए.-7548 में लगभग 45 क्विंटल धान लोड पाया गया। दीपक साहू भी कृषि उपज मंडी पलारी से अनुज्ञप्तिधारी व्यापारी हैं, जिनके द्वारा लवली ट्रेडर्स, जबलपुर से 306 क्विंटल धान मंगवाकर गोदाम में खाली किया जाना बताया गया। वर्तमान में धान उपार्जन कार्य 1 दिसंबर 2025 से 20 जनवरी 2026 तक संचालित किया जा रहा है। ऐसी स्थिति में इन व्यापारियों द्वारा धान उपार्जन केन्द्रों पर कृषकों के नाम से समर्थन मूल्य पर धान विक्रय किए जाने की प्रबल संभावना को दृष्टिगत रखते हुए कुल 605 क्विंटल धान को कृषि उपज मंडी पलारी के सहायक उप निरीक्षक गौरव सैय्याम को आगामी आदेश तक अभिरक्षा में सौंपा गया है। धान उपार्जन अवधि के दौरान अनुज्ञप्तिधारी व्यापारियों के गोदामों का निरीक्षण 20 जनवरी 2026 तक सतत रूप से जारी रहेगा।जिला प्रशासन किसानों से अपील करता है कि वे बिचौलियों से बचें तथा अपनी उपज को सीधे संबंधित उपार्जन केन्द्रों पर विक्रय कर शासन की समर्थन मूल्य योजना का लाभ उठाएं।

# समस्या:ग्राम चन्देनी के किसान 5 साल से नहर से पन्नी बिछाकर खेतों में पानी ले रहे

हरिभूमि न्यूज धनौरा।



सिवनी जनपद पंचायत धनोरा अंतर्गत चन्देनी के किसानों ने बताया कि माईनर जिसका निर्माण डेम के साथ ही हुआ था, जिसमे लगभग 600 मीटर की लम्बाई मे जमीन से 5 से 7 फिट की ऊचाई पर मिट्टी की पुराई करके बनाई गई थि,जिससे मिट्टी बैठ चुकी है। इसी के बीच में रोड के कारण साईफन बनाया गया है जिसकी दीवारे फट गई हैं, गिरने वाली है।

निर्माण से लेकर आज तक कोई काम नहीं हुआ है, जिसके कारण परेशान किसानों स्वयं के खर्च से हर वर्ष 40से45किलो पन्नी जर -जर नहर मे बिछाकर लगभग 3 किलोमीटर से पानी लाते है किसान भारत उइके, दशरथ उइके,नन्हू, पप्पू, महमूद खान, आबिद खान, साबिर खान,नूर मोहम्मद, सुरेन्द्र सल्लाम, सुरेश सल्लाम, पूर्व सरपंच जीवन लाल,अलीम खान, रोशनलाल,सभी ने जानकारी देते हुए बताया।

# उद्यानिकी में नवाचार मखाना की खेती का प्रशिक्षण प्राप्त करने सिवनी जिले के कृषकों का भ्रमण दल छत्तीसगढ़ के लिये रवाना

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा जिले के समस्त विकासखण्डों के 30 कृषकों के दल को राज्य के बाहर पांच दिवसीय कृषक प्रशिक्षण सह भ्रमण कार्यक्रम हेतु छत्तीसगढ के लिये रवाना किया गया, जिसके अन्तर्गत कृषकों के दल द्वारा सिवनी से रायपुर जिले के विकासखंड आरंग एवं धमतरी जिले में मखाना की खेती के कृषको के प्रक्षेत्रों का भ्रमण, मखाना प्रसंस्करण इकाई भ्रमण एवं प्रगतिशील कृषकों के प्रक्षेत्रों में उद्यानिकी फसलों की हाईटेक खेती एवं खादय प्रसंस्करण इकाईयों की तकनीको का भ्रमण कर प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। प्रभारी कलेक्टर सिवनी श्री अनिल कुमार राठौर के द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सिवनी श्रीमती अंजली शाह एवं सहायक संचालक उद्यानिकी एवं खादय प्रसंस्करण विभाग जिला सिवनी डॉ. आशा उपवंशी-वासेवार के द्वारा विभागीय अधिकारी/कर्मचारियों की उपस्थिति में हरी झंडी दिखाकर कृषकों के दल को भ्रमण हेतु रवाना किया गया।

मध्यप्रदेश शासन के पायलट प्रोजेक्ट मखाना की खेती अंतर्गत प्रदेश के चार जिलों का चयन किया गया है जिसमें जिला सिवनी को भी सम्मिलित किया गया है। पायलट प्रोजेक्ट मखाना की खेती अंतर्गत प्रदेश में पहली बार किसानों के द्वारा मखाना की खेती कर अपने रोजगार एवं आय में वृद्धि की जायेगी। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए मखाना की खेती किये जाने हेतु जिले के इच्छुक कृषकों के दल को मखाना की खेती के तकनीकी गुर सीखने हेतु उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग जिला सिवनी द्वारा छत्तीसगढ रवाना किया गया।

भ्रमण के प्रथम दिवस किसानों के द्वारा सर्वप्रथम उद्यानिकी विभाग की रोपणी कंपनी गार्डन सिवनी का भ्रमण किया गया। सहायक संचालक उद्यान डॉ. आशा उपवंशी-वासेवार के द्वारा कृषकों को नर्सरी प्रबंधन, शेडनेट हाउस, पॉली हाउस की तकनीक एवं विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई एवं कृषकों को जिले में स्थापित खादय प्रसंस्करण इकाईयों का भ्रमण कराकर स्वयं भी खादय प्रसंस्करण इकाईया लगाये जाने हेतु प्रोत्साहित किया गया। उद्यान अधीक्षक संतोष बघेल द्वारा विभागीय रोपणी कंपनी गार्डन का भ्रमण कराकर कृषकों को फलों के

# शहर से लेकर गांव तक बढ़े डॉग बाइट के केस

सिवनी में डॉग बाइट के मामले लगातार सामने आ रहे हैं, जिससे लोगों में डर माहौल है। कुछ महीने पहले कान्हीवाड़ा थाना क्षेत्र में आवारा कुत्तों के हमले से एक बच्ची की मौत भी हो चुकी है। शहर की सडक़ों पर कुत्तों के झुंड देखे जा रहे हैं।

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

**शाम ढलने के बाद ये कुत्ते अधिक आक्रामक हो जाते हैं और झुंड में लोगों पर हमला करते हैं। लोग रात में बाइक पर निकलने से भी कतराते हैं, क्योंकि कुत्ते चलती बाइक पर भी हमले की कोशिश कर रहे हैं।**

नगर पालिका हर साल कुत्तों की धरपकड़ और नसबंदी के लिए अभियान चलाने का दावा करती है। इन अभियानों पर लाखों रुपए खर्च किए जाते हैं, लेकिन जमीनी हकीकत अलग है। कुत्तों के काटने की घटनाएं केवल शहर में ही नहीं, बल्कि गांवों में भी बढ़ रही हैं। जिला अस्पताल में डॉग बाइट के पीड़ितों की संख्या लगातार बढ़ रही है।



फाईल फोटो

### नसबंदी अभियान भी बेअसर साबित

शहर के विवेकानंद वार्ड, शहीद वार्ड, बारापत्थर, बस स्टैंड, भैरोगंज, छिंदवाड़ा चौक, कटंगी रोड, शुक्रवारी, ज्यारतनाका, राजपूत कॉलोनी, काली चौक, मंगलीपेठ, मठ मंदिर और आजाद वार्ड सहित कई अन्य क्षेत्रों में आवारा कुत्तों का जमावड़ा सबसे अधिक देखा जाता है। कुत्तों को नियंत्रित करने के लिए चलाया गया नसबंदी अभियान भी बेअसर साबित हो रहा है। अभियान की शुरुआत में शहरी क्षेत्र में कुत्तों की संख्या नियंत्रित करने का दावा किया गया था, जिस पर लाखों रुपए खर्च हुए। इसके बावजूद, इन घटनाओं को रोकने के लिए जिले और शहर में कोई उचित कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। कुत्ते चलती बाइक पर भी हमले की कोशिश कर रहे हैं।

### सीएमओ बोले-कुत्तों को पकडने के लिए चलाएंगे अभियान

जिला अस्पताल से मिले आंकड़े के अनुसार, 2024 में जनवरी महीने में 208, फरवरी में 208, मार्च में 219, अप्रेल में 240, मई में 257, जून में 250, जुलाई में 186, अगस्त में 152, सितम्बर में 156, अक्टूबर में 165, नवंबर में 195, दिसंबर में 235 मामले आए। वहीं जनवरी 2025 में 317 और फरवरी में 333, मार्च में 355, अप्रेल में 310, मई माह में 370 मामले सामने आए हैं। नगर पालिका के सीएमओ विशाल सिंह मर्सकोले का कहना है कि कुत्तों को पकडऩे के लिए जल्द ही अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए टीम गठित करेंगे।

# प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस पीजी कॉलेज सिवनी में अग्निवीर एवं सेना में अन्य पदों पर भर्ती की जानकारी के लिए शिविर आयोजित हुआ

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

पी जी कॉलेज सिवनी के एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट पवन कुमार वासनिक ने बताया कि 24 मप्र बटालियन एनसीसी छिंदवाड़ा एनसीसी केडेट्स व जिले के युवाओं को सेना में भर्ती के विभिन्न चरणों की जानकारी प्रदान करने हेतु जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। युवाओं को जानकारी प्रदान करने के लिए ZRO जबलपुर से सूबेदार मेजर जगजीवन सिंह व हवलदार रवि उपस्थित रहें। जिन्होंने युवाओं को अग्निवीर व अन्य सैन्य पदों पर भर्ती हेतु विस्तार से चरणबद्ध जानकारी प्रदान की। जिसमें युवाओं को डाक्यूमेंट्स वेरिफिकेशन, शारीरिक परीक्षण, मेडिकल परीक्षण संबंधी महत्वपूर्ण प्रदान की। बताया कि अग्निवीर के लिए शारीरिक परीक्षण में लंबाई (Height) सामान्य वर्गः 160 सेमी पहाड़ी क्षेत्र / गोरखा / कुछ श्रेणियाँ: 152–155 सेमी (श्रेणी अनुसार छूट), छाती (Chest) – केवल पुरुष न्यूनतमः 77 सेमी, फुलाव (Expansion): 5 सेमी वजन (Weight) ऊँचाई और आयु के अनुसार तय किया जाता है, BMI के अनुसार मेडिकल में जांच होती है. शारीरिक दक्षता परीक्षण में दौड़ (Running) 1.6 किमी 5 मिनट 30 सेकंड तक – उत्कृष्ट 5 मिनट 31 सेकंड से 5 मिनट 45 सेकंड – उत्तीर्ण बीम (Pull-ups / Chin-ups), कम से कम 6 (अधिक करने पर अधिक अंक) 9 फीट गड्ढा कूद,जिग-जैग बैलेंस अनिवार्य है। मेडिकल परीक्षण में आंखें: 6/6 और 6/9 (बिना गंभीर दोष) फ्लैट फुट, घुटनों का बाहर/अंदर मुड़ना नहीं होना चाहिए व कोई स्थायी बीमारी या गंभीर चोट नहीं होना चाहिए। कहा कि जानकारी ना होने के कारण छोटी छोटी गलतियों के कारण युवा भर्ती से बाहर हो जाते है। जिले के लगभग 300 युवाओं ने इस आयोजन का लाभ उठाया पी जी कॉलेज के प्राचार्य डॉ रविशंकर नाग ने 24 मप्र बटालियन एनसीसी छिंदवाड़ा के द्वारा युवाओं को दिए जा रहें मार्गदर्शन के लिए जिले के युवाओं की तरफ से धन्यवाद व आभार ज्ञापित करते हुए कहा कि लगातार मिल रहें मार्गदर्शन से युवा चयनित हो रहें है। एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट वासनिक ने जानकारी दी कि बटालियन के 58 केडेट्स वर्तमान सत्र में अग्निवीर के लिए चयनित हो चुके है। आयोजन में उत्कृष्ट स्कूल के केडेट्स व एनसीसी अधिकारी अनिल राजपूत, मिशन स्कूल सिवनी के केडेट्स व ऑफिसर लक्ष्मण पटले तथा बटालियन छिंदवाड़ा से आये हवलदार कृष्णा सिंह, हवलदार गुरप्रीत व हवलदार दिलबहादुर थापा की सक्रिय उपस्थिति रही। जानकारी प्रदान करने के बाद कुछ प्रश्न पूछे गसही जवाब देने वाले युवाओं को पुरस्कार दिए गए।

# जबलपुर में सम्पन्न हुआ 2 दिवसीय अभ्यास वर्ग

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** महाकौशल प्रान्त अंचल अभ्यास वर्ग उद्यमी सम्मेलन जबलपुर मे दो दिवसीय कार्यशाला सम्पन्न हुई जिसमे सिवनी उद्योग भारती इकाई से जिला अध्यक्ष निरजंन अरोदिया उपाध्यक्ष संदीप ठाकुर सचिव अमित ठाकुर ने भी सहभागिता किया जिसका आयोजन जबलपुर के मंगलायतन यूनिवर्सिटी उद्योगिक छेत्र रिछाई बरेला पर सम्पन्न हुआ जबलपुर संभाग के सभी जिला इकाई के पदाधिकारी सहित सदस्य उपस्थित रहे इस आयोजन में उद्योग एवम देश हित एवम परिवार हित सहित विभिन्न मुद्दों पर जानकारी आदान प्रदान की गई इस आयोजन को सफल बनाने के लिये जबलपुर की चार इकाई जिसमे महिला इकाई भी शामिल है सभी का सराहनीय योगदान रहा।



# ग्राम भुमका में युग विभूति विदुषी रिचा गोस्वामी की भागवत कथा, उमड़ा आस्था और भक्ति का सैलाब

**हरिभूमि न्यूज, घंसौर।** ग्राम भुमका (पाटन) में इन दिनों युग विभूति विदुषी रिचा गोस्वामी के श्रीमद्भागवत कथा प्रवचन का भव्य आयोजन चल रहा है। 21 दिसंबर से प्रारंभ कथा स्थल पर प्रतिदिन श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ रही है। दूर-दराज के गांवों से पहुंचे भक्त भक्ति भाव में डूबकर कथा श्रवण का पुण्य लाभ ले रहे हैं। पूरा वातावरण श्रीकृष्ण भक्ति, हरि नाम संकीर्तन और आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर हो उठा है। विदुषी रिचा गोस्वामी अपने ओजस्वी प्रवचन और सरल वाणी के माध्यम से श्रीमद्भागवत के गूढ़ रहस्यों को जन-जन तक पहुंचा रही हैं। उनकी कथा शैली ऐसी है कि बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी मंत्रमुग्ध होकर कथा सुन रहे हैं। कथा के दौरान भजनों और संकीर्तन पर श्रद्धालु भावविभोर होकर झूमते नजर आते हैं। रिचा गोस्वामी के जीवन के बारे में बताया जा रहा है कि उन्होंने मात्र 10 वर्ष की उम्र से ही भक्ति मार्ग को अपना लिया था। कम उम्र में ही उन्होंने ईश्वर भक्ति में मन को एकाग्र कर लिया और आज वे नंगे पैर मां नर्मदा की परिक्रमा पर निकली हुई हैं। उनका जीवन पूरी तरह मां नर्मदा और समाज सेवा को समर्पित है। उनकी सबसे अहम भूमिका मां नर्मदा को प्रदूषण मुक्त करने के अभियान में देखने को मिल रही है। यश विभूति रिचा गोस्वामी गांव-गांव, घर-घर जाकर लोगों को मां नर्मदा के जल को प्रदूषित न करने और उसे स्वच्छ व निर्मल बनाए रखने के लिए जागरूक कर रही हैं। साथ ही वे शासन-प्रशासन से भी आवेदन एवं निवेदन के माध्यम से नर्मदा संरक्षण को लेकर लगातार प्रयास कर रही हैं। ग्राम भुमका में आयोजित यह भागवत कथा न केवल आध्यात्मिक चेतना जगा रही है, बल्कि समाज को पर्यावरण संरक्षण और मां नर्मदा के प्रति अपने दायित्वों का भी स्मरण करा रही है।

## छात्र छात्राओं व दिशा लर्निंग सेंटर को सामान्य ज्ञान की पुस्तकें भेंट की गई

सिवनी। पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा चलाए जा रहे ₹सृजन अभियान₹ अंतर्गत श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय सिवनी श्री सुनील मेहता के कुशल नेतृत्व व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री दीपक मिश्रा के निर्देशन में कंट्रोल रूम प्रभारी निरीक्षक ओमेश्वर ठाकरे द्वारा उत्कृष्ट विद्यायल सिवनी, सरस्वती शिशु मंदिर,महारानी लक्ष्मी बाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिवनी के कक्षा ग्यारहवीं व बारहवीं के विभिन्न संकाय के छात्र छात्राओं को विद्यालयीन शिक्षा के साथ उच्च शिक्षा व प्रतियोगिता परीक्षाओं और व्यक्तित्व विकास हेतू पढ़ाई के साथ साथ शैक्षेत्तर गतिविधियों सांस्कृतिक,साहित्यिक, साहसिक गतिविधियों, खेलकूद, एन सी सी, एन एस एस आदि में प्रतिभागिता के महत्व संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई।

## वेटरन और ओपन वर्ग के खिलाड़ियों के बल्लों से होगी चौंके छक्कों की बारिश

# डूंडा सिवनी आक्सन प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज आज से

सिवनी- सिवनी के इतिहास में पहली बार डूंडा सिवनी के एमसीजी ग्राउंड में आयोजित होने जा रहा है डूंडा सिवनी आक्सन प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट के महा मुकाबले जहां इस टूर्नामेंट में जिले की वेटरन और ओपन वर्ग के धुरंधर बल्लेबाजों के गगन चुंबी चौंके छक्के देखने को मिलेंगे वहीं गेंदबाजों की तूफानी रफ्तार और फिरकी गेंदबाजी का करतब देखने को मिलेगा।

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

सिवनी जिले में पहली बार 11 ओनरों ने जिले वेटरन वर्ग के खिलाड़ियों की बोली लगाकर अपनी अपनी टीम तैयार की है वहीं 14 ओनरों ने ओपन वर्ग के अलग-अलग खिलाड़ियों की बोली लगाकर अपनी टीमों में शामिल किया है।

24 दिसंबर से क्रिकेट टूर्नामेंट के महाकुंभ का शुभारंभ होने जा रहा है जहां वेटरन वर्ग के मैचों की शुरुआत हो जाएगी जिसका सीधा प्रसारण गौतम डिजिटल सेटअप द्वारा यूट्यूब चैनल के माध्यम से हर जगह देखा जा सकेगा।

डूंडा सिवनी के एमसीजी ग्राउंड में आयोजित होने वाला यह भव्य और अपने आप में शुमार रखने वाला यह टूर्नामेंट जिसका पहला मैच पत्रकार टाईगर्स विरूद्ध ब्लास्टर किंग उड़ेपानी के मध्य सुबह 7.30 से बजे खेला जाएगा जबकि दूसरा मैच शान 11 और डी एस 11 के बीच खेला जाएगा।

इस प्रारंभिक मैच के मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पलारी के सरपंच राजेन्द्र सिंह ठाकुर एवं जय अंबे सिक्योरिटी सर्विस के मैनेजिंग डायरेक्टर अरूण यादव होगें। आयोजन समिति के पदाधिकारियों में बाबू बिजली, डाक्टर कटरे, अरविंद राय, अरूण यादव, आसिफ भाई, मनीष चौरसिया, आसिफ लाल, विक्रांत पांडे, रवि कटरे सहित कमेटी के सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने खेल प्रेमियों से उपस्थिति की अपील की है।

# जनमखार बीट में करंट से तेंदुए की मौत!





## विभाग की घोर लापरवाही से वन्यप्राणियों की निरंतर हो रही हैं मौत, जांच उपरांत वनमंडलाधिकारी कर सकते हैं विभागीय कार्यवाही, पूर्व में भी लापरवाही के चलते नीतू गिरी गोस्वामी पर हुई थी निलंबन की कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

उत्तर वनमंडल सामान्य अंतर्गत वन परिक्षेत्र लामता सर्किल लामता के जनमखार बीट के कक्ष क्रमांक 1284 में बीते कल सोमवार को मृत तेंदुए की जानकारी प्राप्त हो रही थी। मंगलवार को पीएम कर तेंदुए के शव को वनमंडलाधिकारी रेशम सिंह धुर्वे तथा वन विभाग के स्टाप के समक्ष तेंदुए के शव को जलाने की कार्यवाही की गई।

मिली जानकारी अनुसार तेंदुए के शव परीक्षण उपरांत चिकित्सकों की टीम ने तेंदुए की मृत्यु का कारण करंट लगना बताया गया हैं। बालाघाट जिला वन संप्रदा के लिए संपूर्ण मध्यप्रदेश में जाना जाता हैं। मध्यप्रदेश सरकार वनप्राणियों की रक्षा के लिए करोड़ों रूपये खर्च कर रही हैं। बालाघाट क्षेत्र में लगातार तेंदुओं की मृत्यु तथा बाघों की मृत्यु से पशु प्रेमियों में निराशा छाई हुई हैं।

### मुख्यालय में नही रहता वन अमला

वन परिक्षेत्र लामता अंतर्गत परिक्षेत्र सहायक लामता नीतू गिरी गोस्वामी मुख्यालय में न रहकर बालाघाट से आना जाना करती हैं, वहीं बीटगार्ड हरिश रेकवार के द्वारा गश्ती में घोर लापरवाही के चलते ग्रामीणों के द्वारा जंगली सुअर के शिकार की मंशा से करंट बिछाया जाता हैं। यही कारण हैं कि वन्यप्राणी तेंदुआ सहित बाघ भी करंट का शिकार हो जाते हैं। इस संबंध में वन विभाग को अभी तक आरोपियों का सुराग नहीं मिला हैं। वहीं सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार जनमखार बीट में रेत माफियाओं के द्वारा वनक्षेत्र से भारी मात्रा में रेत का अवैध खनन किया जा रहा हैं। तेंदुए के शव दहन के समय इनकी उपस्थिति रही वनमंडलाधिकारी रेशम सिंह धुर्वे, उपवनमंडलाधिकारी उकवा करूण डहेरिया, प्रभारी वन परिक्षेत्र अधिकारी देवेन्द्र रंगारे, सहायक परिक्षेत्र लामता नीतू गिरी गोस्वामी, बीटगार्ड हरिश रेकवार सहित अन्य बीटगार्ड तथा चिकित्सकों की टीम उपस्थित रही।

### इनका कहना हैं

मृत तेंदुआ का शव परीक्षण उपरांत दाह संस्कार कर दिया गया हैं। प्रथम दृष्टया करंट से मौत होना पाया गया हैं।

**रेशम सिंह धुर्वे**
**वनमंडलाधिकारी उत्तर सामान्य बालाघाट**

# कटोरी में किसान गर्जना संगठन ने किया एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।



खैरलांजी तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम कटोरी में 22 दिसंबर सोमवार को किसान गर्जना संगठन के जिलाध्यक्ष रामकुमार नागपुरे के नेतृत्व में संगठन व किसानो के द्वारा एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया गया और आठ सूत्रीय मांगो को लेकर मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौपा गया। इस दौरान किसान गर्जना संगठन के पदाधिकारीयो एंव कृषको के द्वारा कटोरी बाजार चौक में सभा आयोजित कर प्रदेश सरकार के खिलाफ नाराजगी जाहिर करते हुए कृषको की समस्याओ से अवगत कराया गया एंव किसानो की समस्याओ का समाधान करने की मांग करते हुए कृषको जागरूक करने का प्रयास किया गया । इस दौरान किसान गर्जना संगठन के जिलाध्यक्ष रामकुमार नागपुरे ने कहा की यह संगठन कृषको के हित में काम करता है। कृषको का जागरूक करने का प्रयास करता है। उन्होंनो कृषको के हित में अनेक बाते रखी और कृषको की समस्याओ को उजागर किया तथा उनकी समस्याओ का समाधान करने मांग की ।यह है प्रमुख मांगे। ज्ञापन के माध्यम से कृषको की समस्याओ को अवगत कराते हुए यह प्रमुख मांगें बताया गया ।किसानो को रबी फसल के लिए राजीव सागर बांध से निरंतर पानी की व्यवस्था की जाए। किसानो को नहर में सिंचाई के लिए नियमित मोटर कनेक्शन प्रदान किया जावे। क्षेत्र में लगातार बारिश एंव किट व्याधि के प्रकोप से बर्बाद हुई धान की फसल को देखते हुए खैरलांजी कटंगी क्षेत्र को आपदा प्रभावित क्षेत्र घोषित कर हल्को के किसानो को फसल मुआवजा एंव प्रधानमंत्री फसल बीमा का लाभ दिया जावे।। सरकार अपने चुनावी वादे के मुताबिक धान समर्थन मूल्य 3100 रूपए प्रति क्विंटल खरीदे ।किसानो की दशा सुधार हेतू किसानो को 20 हजार रुपए प्रति हेक्टेयर बोनस दिया जाए। खरीफ सत्र 2025-26 की फसल बर्बादी को ध्यान में रखते हुए खरीफ ऋण माफ किया जाए सहित अन्य मांगे रखी गई। यह मांगे ज्ञापन के माध्यम से किसान गर्जना संगठन के पदाधिकारीयो के द्वारा बताया गया ।इस दौरान किसान गर्जना संगठन के , जिलाध्यक्ष रामकुमार नागपुरे, जिला पंचायत सदस्य प्रकाश ऊके, धुरन नागपुरे, भारत सिंह शिवहरे, राजेंद्र नागपुरे, अजाब सिंह कृपगऐ, योगेश सुलाखिया एंव संगठन के अन्य पदाधिकारी सहित कृषक मौजूद रहे।

# जीरो डोज टीकाकरण पर धर्म गुरुओ का उन्मुक्खिकरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज किरनापुर।



23 दिसम्बर 2025 को किरनापुर विकासखंड के महात्मा ज्योतिबा फूले भवन में जीरो डोज बच्चों तक टीकाकरण की पहुंच सुनिश्चित करने हेतु यूनिसेफ के सहयोग से मध्य प्रदेश वॉलंटरी हेल्थ एसोसिएशन इंदौर द्वारा टीकाकरण सेवाओं के लिए सामाजिक जवाबदेही पर समस्त धर्म गुरुओ का उन्मुखीकरण* कार्यक्रम आयोजित किया गया , कार्यक्रम का उद्देश्य सामाजिक स्तर पर सभी धर्म गुरु को को स्वास्थ्य अभियान से जोड़ते हुए टीकाकरण के प्रति जागरुकता बढ़ाना था,तथा जीरो डोज बच्चों को टीकाकरण से जोड़ने हेतु समुदाय एवं सामाज का सहयोग प्राप्त करना था , इस अवसर पर जिला समन्वयक अमरदीप साहु द्वारा सभी धर्म गुरुओ को स्वास्थ्य अभियान से जोड़ते हुए समाज में टीकाकरण के प्रति जागरूकता पर स्लाइड के माध्यम से जानकारियाँ दी गई जिसमें जीरो डोसे की परिभाषा महत्व और लक्ष्य तथा सहयोग की जानकारी प्रेजेंटेशन के द्वारा देते हुए बताया गया, ऐसे कई बच्चे हैं जो टीके नहीं लगवा पाए हैं उन सभी को हमें टीकाकरण से जोड़ने हेतु सभी संगठनों से अपील की गई लोगों को टीकाकरण के प्रति प्रेरित करने हेतु कहा गया , उपस्थित धर्म गुरुओ ने इस प्रयास को अधिक प्रभावशाली बताया, सभी ने सामूहिक रूप से यह संकल्प लिया कि वह अपने सभी क्षेत्रों में टीकाकरण के संदेश को जन-जन तक पहुंचाएंगे 1 कार्यक्रम के अंत में मध्य प्रदेश वॉलंटरी हेल्थ एसोसिएशन ने उम्मीद जताई कि इस सहयोग से जीरो डोज बच्चों की संख्या में उल्लेखनीय कमी लाई जा सकेगी 1 उक्त कार्यक्रम में हिंदू, बौद्ध, तथा अन्य धर्म गुरु सम्मिलित हुए , किरनापुर विकासखंड के ब्लॉक समन्वयक अनिल बोपचे द्वारा सभी को धन्यवाद व्यापित किया गया साथ ही इस कार्यक्रम में सहयोग की अपील की गई।

### नाले मे गड्डे ही गड्ढे,रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन जोरो पर, किसान परेशान

# कंजई मोक्षधाम नाले को खोखला कर रहे रेत चोर

हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।



विकासखंड लालबर्रा के ग्राम कंजई स्थित मोक्ष धाम के राजस्व नाले से प्रतिदिन सुबह 3 बजे से लेकर 7 बजे तक और शाम से लेकर रात तक रेत की चोरी हो रही है। किसानों के खेती के पास से गुजरने वाले नाले से हो रही रेत की चोरी से किसानों ने गहरी चिंता व्यक्त करते हुए प्रशासन से कार्यवाही का अनुरोध किया है ताकि भारी पैमाने पर नाले से हो रही रेत की चोरी को रोका जा सके, प्रतिदिन भारी पैमाने पर हो रहे रेत के खनन के चलते नाला गहरा हो चुका है जिससे किसानो की खेती का स्वरूप बिगड़ जा रहा है मेड खसक रही है जिससे किसान चिंतित हैं किसानो ने शिकायत भी की लेकिन नतीजा कुछ भी नहीं निकला रेत का अवैध उत्खनन और परिवहन निरंतर जारी है मोक्ष धाम स्थित नाले से हो रहे रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन मामले पर पूर्व में जिला प्रशासन को भी अवगत करा दिया गया था लेकिन किसानों के लिए दुख का विषय यह है कि अभी तक रेत चोरी करने वाले माफिया पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है जिससे किसानों के माथे में चिंता की लकीरें देखी जा रही है दबी जुबान किसानों का कहना है कि प्रशासन को अपनी जिम्मेदारियां को समझना होगा. खनिज संपदा लूटी जा रही है सरकार को राजस्व हानि भी हो रही है राजस्व और खनिज विभाग की निष्क्रियता के चलते खनिज संपदा की लूट जोरों पर है सवाल इस बात का है कि खनिज संपदा की चोरी हो रही है राजस्व को नुकसान पहुंचाया जा रहा है फिर भी जिम्मेदार है कि सिर्फ करवाई का भरोसा ही दिला रहे हैं। लेकिन कार्रवाई नहीं कर रहे हैं किसानो की उम्मीद है कि प्रशासन अपने कर्तव्यों का भली भांति निर्वहन करेगा और जल्द ही रेत चोरी पर अंकुश लगाएगा।

**नाले मे गड्ढे ही गड्ढे:** रेत चोरों के हौसले बुलंद है वह खुलेआम रेत की चोरी कर ट्रैक्टरों से रात के अंधेरे से लेकर दिन के उजाले तक रेत का परिवहन कर रहे हैं मोक्ष धाम स्थित नाले में जिधर देखो उधर गड्ढे ही दिखाई दे रहे हैं नाला खोखला होने लगा है। किसान परेशान है लेकिन उनकी सुनने कोई तैयार नहीं है कार्रवाई के अभाव में रेत की चोरी चरम पर है जिसे रोकना होगा।

### इनका कहना हैं

मै निरीक्षण करवाता हूं।

**तहसीलदार, लालबर्रा**

## 27 से 29 दिसंबर तक उकवा एवं भरवेली की मदिरा दुकानें बंद रहेंगी

**बालाघाट।** पंचायतों उप-निर्वाचन वर्ष 2025 (उत्तरार्द्ध) के कार्यक्रम के तहत जिले में 29 दिसंबर 2025 सोमवार को प्रातः 7 बजे से अपराह्न 3 बजे तक मतदान संपन्न होना है। निर्वाचन प्रक्रिया को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री मृणाल मीना द्वारा उकवा एवं भरवेली की मदिरा दुकानों को 27 दिसम्बर की दोपहर 03 बजे से 29 दिसम्बर को मतदान समाप्ति तक बंद रखने का आदेश दिया गया है। शुष्क दिवस घोषित किया गया है। इस संबंध में जारी आदेश के तहत पंचायत उप निर्वाचन वाली ग्राम पंचायतों की भौगोलिक सीमा में स्थित कम्पोजिट मदिरा दुकानों को मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व बंद रखने के निर्देश दिए गए हैं।

## पिकअप वाहन से छात्रों को परीक्षा केंद्र ले जाने के मामले में नेवरवाही के प्रभारी प्राचार्य पर कार्रवाई

### एक वेतनवृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकी गई



**बालाघाट** ओलम्पियाड परीक्षा के दौरान छात्रों को क्षमता से अधिक पिकअप वाहन में परिवहन कराए जाने के मामले में शासकीय हाईस्कूल नेवरवाही के प्रभारी प्राचार्य डालचंद राहंगडाले पर विभागीय कार्रवाई की गई है। यह मामला 18 नवंबर 2025 को आयोजित ओलम्पियाड परीक्षा से संबंधित है, जिसे लेकर समाचार पत्रों में तथ्य प्रकाशित हुए थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 18 नवम्बर को ओलम्पियाड परीक्षा का आयोजन शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लांजी में किया गया था। इस परीक्षा में शासकीय हाईस्कूल नेवरवाही से कुल 42 छात्र-छात्राओं को शामिल होना था। परीक्षा केंद्र की दूरी लगभग 17 किलोमीटर थी। इनमें से 27 छात्रों के पालकों द्वारा अपने-अपने बच्चों को स्वयं परीक्षा केंद्र तक पहुंचाने एवं वापस लाने की सहमति दी गई थी। शेष 15 छात्रों के लिए दो मार्शल गाड़ियां तय की गई थीं, जिनके लिए शिक्षक राजीव कुमार गुरदे को वाहन प्रभारी नियुक्त किया गया था। निर्धारित दिनांक को समय पर मार्शल गाड़ियां उपलब्ध न हो पाने पर वाहन मालिक द्वारा गाड़ी में खराबी की जानकारी दी गई। इसके बाद परीक्षा केंद्र पर समय से छात्रों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए पालकों की सहमति से एक पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 50 जेड ई 8430 की व्यवस्था की गई, जिससे छात्रों को परीक्षा केंद्र तक ले जाया गया एवं सुरक्षित वापस लाया गया।हालांकि, इस घटना को लेकर यह पाया गया कि छात्रों को पिकअप वाहन में परीक्षा केंद्र तक ले जाना उनके भविष्य के साथ लापरवाही एवं अनुशासनहीनता का परिचायक है। इस संबंध में प्रभारी प्राचार्य को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया था। उनके द्वारा प्रस्तुत जवाब का परीक्षण करने के बाद प्रभारी प्राचार्य को प्रथम दृष्टया दोषी पाया गया है। फलस्वरूप, डालचंद राहंगडाले, माध्यमिक शिक्षक एवं प्रभारी प्राचार्य, शासकीय हाईस्कूल नेवरवाही, संकुल शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लांजी, विकासखण्ड लांजी की एक वेतनवृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकी गई है।

# किसान ग़र्जना संगठन की हुई बैठक शुक्रवार को होगा शांतिप्रिय धरना प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



फीडर सेपरेशन के बाद कृषि फीडर को मिल रही 8 घंटे की बिजली के समय को बढ़ाने की मांग को लेकर किसान गर्जना संगठन आगामी शुक्रवार 26 दिसंबर को कटंगी शहर में शांतिप्रिय धरना प्रदर्शन कर सहायक यंत्री को मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपेगा। इसी धरना प्रदर्शन की तैयारी को लेकर किसान गर्जना संगठन के पदाधिकारी ने मंगलवार की दोपहर 2 बजे स्थानीय विश्रामगृह में बैठक की। बैठक में प्रमुख रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष राहंगडाले, ब्लॉक अध्यक्ष भरत लाल बिसेन, ओमप्रकाश बिसेन, सुनील बोपचे, सतीश जोशी, रवि भगत, सागर गौतम, गोविंद राम चौधरी और गणेश गौतम मौजूद रहे।

ब्लॉक अध्यक्ष ने जानकारी से बताया फीडर सेपरेशन के बाद कृषि फीडर को 8 घंटे बिजली मिल रही है। जिससे किसान रबी के सीजन में भी फसलों की सिंचाई नहीं कर पा रहा है। कृषि फीडर में दी जाने वाली बिजली सुबह 4 घंटे और रात में 4 घंटे दी जा रही है ऐसे में किसान को फसलों की सिंचाई करने के लिए रात में खेतों की तरफ भागना पड़ता है। ब्लॉक अध्यक्ष ने कहा के चुनाव के दौरान भाजपा ने किसानों को 24 घंटे बिजली मुहैया कराने का वादा किया था। भाजपा के इसी वादे के प्रलोभन में आकर किसानों ने भाजपा को बढ़-चढ़कर वोट दिया और भाजपा फिर से सत्ता में काबिज हुई लेकिन भाजपा के सत्ता में आने के बावजूद किसानों को 24 घंटे बिजली नहीं मिल पा रही है। उन्होंने कहा कि बालाघाट धान का कटोरा कहा जाता है। बालाघाट जिले की भौगोलिक स्थिति धान की फसल के लिए उपयोगी है लेकिन इसके बाद भी किसानों को अन्य फसल लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। किसान ऐसा कर भी रहे हैं किंतु फिर भी कृषि फीडर को महज 8 घंटे मिलने वाली बिजली से किसी भी फसल की सिंचाई नहीं हो पाएगी और किस को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा। ब्लॉक अध्यक्ष ने कहां है कि आज विधानसभा क्षेत्र कटंगी खैरलांजी के अलावा समूचे बालाघाट जिले का किसान परेशान है और किसानों की समस्याओं को लेकर किसान गर्जना संगठन आगामी शुक्रवार को शांति पीर धरना प्रदर्शन करेगा और अपनी मांगों को लेकर सहायक यंत्री को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपेगा। उन्होंने समूचे क्षेत्र और जिले के किसानों से इस धरना प्रदर्शन में शामिल होने की अपील की है।

# महिला पर जंगली सुअर ने किया हमला

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



आसानी से मिलने वाले भोजन की तलाश में वन्य प्राणी इंसानी बस्तियों के नजदीक बसाहट के खेतों को अपना निवास बना रहे हैं। ऐसे में आए दिन वन्य प्राणी और इंसानी द्वंद्व की घटनाएं सामने आ रही है। वन्य प्राणी इंसानों पर जानलेवा हमला कर रहे हैं ऐसी ही एक घटना कटंगी तहसील क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम नहलेसरा से सामने आई है। मिली जानकारी अनुसार खेत में तुअर तोड़ रही महिला गीता पति एशन लाल मानेश्वर पर अचानक से वन्य प्राणी जंगली सूअर ने हमला कर दिया। महिला के पैर पर गंभीर चोट आई है जिसे उपचार के लिए सरकारी अस्पताल कटंगी में लाकर भर्ती करवाया गया है। ग्रामीणों की माने तो जंगली सूअर ने खेतों को अपना बसेरा बना लिया है जंगली सूअर न सिर्फ फसलों को बर्बाद कर रही हैं बल्कि इंसानी हमले की घटनाएं भी अब आम बात हो गई है। इन घटनाओं से खेत में कृषि कार्य करने से भी अब डर लगता है। दरअसल इस तरह की घटनाओं के बाद वन विभाग लगातार सुरक्षा और नियंत्रण उपायों की बात जरूर कर रहा है लेकिन जमीनी स्तर पर जो उपाय किए जा रहे हैं वह कारगर साबित नहीं हो पा रहे हैं।

# मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण की राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण के अंतर्गत 23 दिसम्बर को निर्वाचक नामावली का प्रारूप प्रकाशन कर दिया गया है, इस संबंध में 23 दिसम्बर को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जीएस धुर्वे की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं मीडिया प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित कर निर्वाचक नामावलियों के प्रारूप प्रकाशन संबंधी जानकारी दी गई। बैठक में निर्वाचन सुपरवाईजर श्री सुबोध श्रीवास्तव, मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ ही मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को प्रारूप मतदाता सूची की हार्डकॉपी एवं एक प्रति सीडी में उपलब्ध करायी गई साथ ही मतदान केंद्रो की सूची भी प्रदान की गई है।

बैठक में बताया गया कि प्रारूप निर्वाचक नामावली का प्रकाशन 23 दिसम्बर को कर दिया गया है। आमजन इसका अवलोकन मतदान केंद्र निवार्चक रजिस्ट्रीकरण कार्यालय एवं अन्य अभिहित स्थलों पर कर सकते है तथा नामावली में अपना नाम होने की पुष्टि कर सकते है। यह प्रारूप निर्वाचक नामावली मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी की वेबसाईट http//www.ceoelection.mp.gov.in पर भी उपलब्ध करायी गई है। मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के दौरान अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत एवं दोहरी प्रविष्ठी वाले पाये गए निर्वाचकों के नाम इस प्रारूप सूची में शामिल नही किय गए है। ऐसे मतदाताओं की सूची भी सीईओ के वेबसाईट पर देखी जा सकती है तथा ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकाय के सूचना पटल पर भी यह सूची प्रदर्शित की गई है।

बैठक में बताया गया कि प्रारूप निर्वाचक नामावली के प्रकाशन के साथ ही मतदाता सूची में नाम शामिल करने, नाम हटाने एवं संशोधन संबंधी दावे आपत्ति प्राप्त करने का कार्य शुरू हो गया है, यह कार्य 22 जनवरी 2026 तक किया जाएगा। 23 दिसम्बर से 14 फरवरी 2026 तक मतदाताओं द्वारा भरे गए गणना पत्रको की जांच के आधार पर नोटिस जारी करने तथा दावे आपत्तियों के निराकरण का कार्य किया जाएगा। निर्वाचक नामावली में छुटे हुए पात्र मतदाताओं का नाम शामिल करन के लिए प्रारूप-06, अयोग्य



व्यक्ति का नाम हटाने प्रारूप-07 एवं प्रविष्टि में सुधार के लिए प्रारूप-08 में आवेदन करना होगा। 01 जनवरी 2026 की स्थिति में 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवाओं के नाम मतदाता सूची में शामिल कराने का आह्वान किया गया।

### 6825 नो मेपिंग वाले मतदाताओं को जारी होंगे नोटिस

बैठक में बताया गया कि मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण एसआईआर की प्रक्रिया के दौरान जिले के 13 लाख 70 हजार 312 मतदाताओं मे से 13 लाख 07 हजार 906 मतदाताओं के गणना पत्रको का डिजिटलाईजेशन हुआ है। 6825 मतदाताओं के नामो की वर्ष 2003 की मतदाता सूची से मेपिंग नही हो पायी है और 62 हजार 406 मतदाताओं के मृत होने, अनुपस्थित रहने, अन्य स्थान पर पलायन करने एवं एक से अधिक स्थान पर नाम होने के कारण उनके गणना पत्रक प्राप्त नही हो पाए है। मेपिंग नही होने वाले इन मतदाताओं को मतदाता रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा नोटिस जारी किया जाएगा। बैठक में बताया गया कि जिले में मतदान केंद्रो की संख्या 1675 से बढ़कर अब 1785 हो गई है।

विधानसभा क्षेत्र बैहर में 723, लांजी में 400, परसवाड़ा में 870, बालाघाट में 3178, वारासिवनी में 316 एवं विधानसभा क्षेत्र कटंगी में 1338 मतदाताओं की 2003 की सूची के आधार पर मेपिंग नही हो पायी है। इस प्रकार कुल 6825 नो मेपिंग वाले मतदाताओं को नोटिस जारी किया जाना है। मृत होने, अनुपस्थित रहने, अन्य स्थान पर पलायन करने एवं एक से अधिक स्थान पर नाम होने के कारण गणना पत्रक प्राप्त नही होने वाले मतदाताओं में बैहर विधानसभा के 10 हजार 203, लांजी के 8623, परसवाड़ा के 8895, बालाघाट के 15 हजार 208, वारासिवनी के 9211 एवं कटंगी विधानसभा क्षेत्र के 10 हजार 266 मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से काट दिये जाएंगे।

## बीमारी से तंग आकर प्रौढ ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** लंबे समय से अस्वस्थ चल रहे एक प्रौढ ने अपने ही घर में फांसी लगाकर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। घटना कटंगी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम झंझागी की है। मंगलवार की सुबह तकरीबन 10 बजे पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंच कर शव बरामद किया और आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद दोपहर 12 बजे शव का पीएम करवा कर शव परिजनों को सौंप कर घटना की जांच शुरू कर दी हैं। घटना की जांच कर रहे पुलिस अधिकारी मंजू दाहिया ने बताया कि 52 वर्षीय राधेलाल सोनवाने ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि राधेलाल सोनवाने लंबे समय से अस्वस्थ चल रहा था इसी बात से वह तनाव में था और अपनी बीमारी से तंग आकर उसने सोमवार मंगलवार की दरमियानी रात्रि अपने ही घर के बाहर के एक हिस्से में फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। परिजनों के द्वारा मंगलवार की सुबह करीब 6 बजे शव को देखा गया जिसके बाद वह पूरी तरह से स्तब्ध रह गए। वही यह घटना पूरे गांव में तेजी से फैल गई बड़ी संख्या में लोग जमा होने लग गए। पुलिस को सूचना दी गई जिसके बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची।